Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भारतीय गणराज्यका २०वाँ वर्ष

सं० २०२५ माघ शु० ९ रविवार दि. २६ जनवरी १९६९ को प्रातः स्टे. टा. ७।११ पर मकर लग्नमें भारतीय गणतंत्र का २० वां वर्ष प्रवेश होगा। इस समय की ग्रह स्थिति यह है—

गणतन्त्र वर्ष लग्न

गणतन्त्र जन्म लग्न



२० वें गणतन्त्र वर्ष लग्नमें अष्टमेश सूर्य, षष्ठेश बुधके साथ बैठा है, यह राजनैतिक साम्प्रदायिक आर्थिक चिन्ताओं से राष्ट्र को उद्विग्न करने वाला योग है। [illegible] और [illegible] में विशेष सावधानी आवश्यक है। वर्ष के पूर्वार्ध में [illegible] तक) भारत में प्रकृति-प्रकोप उग्र प्रदर्शन [illegible] (७ मार्च से १० सितम्बर [illegible] कहीं [illegible] तो कहीं बाढ़ से प्रजा त्रस्त होगी। सीमा विवाद [illegible] वैमनस्य के रूप में बढ़ेगा। श्रम-[illegible] विवाद और प्रान्तीय [illegible] होगा। इसी अवधि में सुरक्षा सैनिक व्यय बहुत [illegible] आक्रमण संभव है। काश्मीर समस्या [illegible] भारत में भयंकर षडयंत्र करेंगे। [illegible] केन्द्र और प्रान्तीय शासन [illegible] होंगे। [illegible] समस्याओं में [illegible] यथा—

[illegible]

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

बार्हस्पत्यमान से वर्तमान रुद्रविंशति में इस नये वर्ष का नाम 'दुन्दुभि' है, इसका फल पूर्व देशके लिए विशेष अनिष्टप्रद लिखा है। यथा—

"पूर्व देशविनाशः स्यात्तत्र दुन्दुभिवत्सरे"

दो वर्ष पहले सं २०२४ के पचांग में पृष्ठ ३४ पर हमने लिखा था—

" वर्तमान रुद्र विंशतिके इस रौद्र वर्ष से आगे के शेष ६ वर्ष क्रमशः दुर्मति रुधिरोद्गारी, रक्ताक्षी, क्रोधन और क्षय नामके होंगे। इनमें से कोई भी संसार के लिए शुभकारक नहीं है। नामसे ही फलकी कल्पना की जा सकती है। संहारकारिणी रुद्रविंशति के समाप्त होते-होते क्षय संवत्सर तक संसार की प्रमूल्य सम्पत्ति और अधिकांश प्राणियों का क्षय हो जाय तो आश्चर्य नहीं।"

इस नये वर्ष की ग्रहस्थिति को देखते हुए 'दुन्दुभि' वर्ष के अन्त तक भारत में भी 'रण दुन्दुभि' बजना सम्भव है। भारत के गणतन्त्र जन्म-लग्न में भी सं० २०२७ के आषाढ़ मास (६ जुलाई १९७०) तक तृतीयेश अष्टमेश शुक्र की महादशा रहेगी, यह शुभ नहीं है। मेष का शनि गणतंत्र जन्म लग्न से धनस्थान एवं जन्म-राशि पर नीच में रहेगा, अतः आगामी २-३ वर्ष का समय भारत ही नहीं, संसार के लिए कठिन कसौटी का है। गत डेढ़सौ वर्ष के इतिहास में जबजब भी मेष में शनि रहा तब कहीं न कहीं युद्ध उत्पातादि की ऐतिहासिक घटनाएं घटी हैं (१) सन् १८२१ से २४ मेष के शनि में अंग्रेजों से बर्मा असमका प्रथम युद्ध (२) सन् १८५१से ५३ लार्ड डलहौजी के समय बर्मा का द्वितीय युद्ध (३) १८८० से ८२ में अंग्रेजों का अफगानिस्तान से युद्ध (४) १९१० से १२ मेष के शनि में प्रथम महायुद्ध का बीजा-रोपण (५) सन् १९३९ मेष के शनि में द्वितीय महायुद्ध का प्रारम्भ। अब सन् १९६९ से ७१ तक मेष का शनि संसार में क्या कुछ करेगा यह भविष्य के गर्भ में है।

भारत के कोने-कोने से पंचांग प्रेमी अनेक सुविज्ञ पाठकों ने भारत के भावी चुनाव और मध्यावधि चुनाव के परिणाम तथा वर्तमान शासन तंत्र के भविष्य के सम्बन्ध में इस 'रजत-जयन्ती अंक' में विशद जानकारी चाही है। पाठकों की जिज्ञासा पूर्ति के लिए हमने भारत के कुछ मूर्धन्य ज्ञानवृद्ध वयोवृद्ध ज्योतिर्विज्ञानाचार्यों के विचार भी प्राप्त किये हैं—उनमें से एक ख्यातिप्राप्त अनुभवी ज्योतिर्विज्ञानाचार्य का अभिमत हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। नामधामादि प्रसिद्धि प्रपंच से वे परे हैं, अतः उनकी आज्ञा न होने से नाम प्रकाशित नहीं किया गया।

देश, जनता, शासन सावधान रहे।

"देश की इस समय जो दशा हो रही है, उसे प्रत्यक्ष देखकर कोई भी [illegible] एवं तटस्थ विवेचक व्यक्ति आज यह सहज ही निर्णय कर सकता है कि हम किस दिशा की ओर प्रगति (?) करते जा रहे हैं, तथा हमारी भावी क्या होने वाली है। [illegible] दिखाई देते हुए ग्रहों की गति-विधि और गणना के माध्यम से कुछ [illegible] आवश्यकता नहीं रहती। किन्तु जो भावी दिखाई दे रहा है उसी को [illegible] भी [illegible] समर्थन करती है तो यह अधिक स्पष्ट हो जाता है कि हमारा [illegible] कितना अन्धकाराच्छन्न होने जा रहा है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

...वाले अन्धकार का सही स्वरूप समझने के लिए साधारण जनता अधिक चिन्तित बने यह स्वाभाविक ही है। विशेष रूप से देश की स्थिति और शासन के भविष्य जानने की उत्सुकता रहती है, इस लिए उस पर एक निगाह डालना जरूरी है, और वह सावधानी के लिए अधिक स्पष्ट होना जरूरी है।

यह तो स्पष्ट है कि हमारा केन्द्र और प्रदेशों के शासन का तंत्र स्वार्थ-पद-प्रपचों में, छापाधापी में उलझा हुआ है और समस्त प्रयासों के बाद भी कहीं न कहीं प्रकृति उससे इस बारे में आंखमिचौनी खेलती जा रही है कि सारे प्रयासों पर पानी फिर जाए। स्थिति सुधरने के बजाय विषम ही बन जाती है। जनता यह अनुभव करने लगी कि शासनतन्त्र नाम की कोई वस्तु भी है या नहीं ? और इस स्थिति को लाने में ग्रहयोग भी निरन्तर सहायक बनते जा रहे हैं। यह दशा जहां तक हमारी ग्रहों के मर्म समझने की क्षमता है—उससे प्रतीत होता है कि १९६९ के आधे भाग तक देश की दशा सतत गिरती ही जाएगी। आगामी जनवरी ६९ से लेकर ६ महीने का समय निरन्तर संकटों में फँसता जाएगा। चाहे वह मानव-कृत विपत्ति हो, या प्राकृतिक, देश की दुर्दशाका छुटकारा सम्भव न होगा। हां, सीमाप्रान्तीय संकट, संघर्ष और आतङ्क अधिक बढ़ता जाएगा। हम अपनेको विपत्तिमें घिरे हुए ही अनुभव करेंगे। वह कम हो, या अधिक, परन्तु वह व्यापक विपत्ति नहीं होगी, उससे हमारी आन्तरिकस्थिति बहुत नाजुक-निर्बल-और उलझनों से भरी हुई होगी। निर्बल हाथोंसे आन्तरिक कमजोरियोंके साथ जूझते रहना पड़ेगा। उसके साथ सत्ता संघर्ष भी होगा। आन्तरिक फूट जनता में ही नहीं, केन्द्र और प्रान्तोंमें भी होगी और सत्ता अपने स्वरूपको अस्तित्व हीन सिद्ध करती रहेगी।

पूछा जा सकता है कि आगामी सन् १९७२ के चुनावका क्या स्वरूप होगा ? कांग्रेसका भावी क्या होगा ? किन्तु ये बातें आगे की हैं, इसके पूर्व हमें यह समझना चाहिए कि क्या आगामी चुनाव होगा भी या नहीं ? हमारी आशंका स्पष्ट है कि देशमें जो पिछला चुनाव हो गया है यह अन्तिम चुनाव ही है। अब शायद चुनावका प्रसङ्ग आए ही नहीं। और कदाचित् (सम्भव कम है) आया भी तो सत्ता का स्वरूप ही सर्वथा पलटा हुआ दिखाई देगा। कोई पक्ष प्रभावशाली नहीं होगा। अनेक दलों की अन्त्येष्टि हो जाएगी। आश्चर्य नहीं कि सत्ताका कोई सर्वथा अभिनवरूप दिखाई दे, वह या तो सैनिक हो या अधिनायकवादी हो।

अभी इस बीच हमारे समक्ष कई प्रान्तोंमें मध्यावधि चुनाव आनेको है। उसमें भावी के चित्र की एक झलक हमें मिल जाएगी। यह सर्वत्र 'भानमती का कुनबा' होगा और विषमतासे भरा हुआ होगा, इससे प्रदेशों के शासनोंमें तो अस्थिरता होगी ही—पर केन्द्र भी अधिक निर्बल-लड़खड़ाता हुआ दिखाई देगा। १९६९ के पिछले भागमें जो ग्रहस्थिति बनती है उसमें अत्यन्त क्रान्तिकारी परिवर्तन चक्र चलता हुआ दिखाई देगा, यह कहीं हमारी स्वाधीनता की समाधि न बन जाये, यह गम्भीर आशङ्का उत्पन्न हो जाएगी। जिस समय नीचराशिमें शनि आयेगा वह स्वयं एक शासकीय क्रान्तिको जन्म देगा। यह भारत में ही नहीं विश्वमें एक भयंकर परिवर्तनकी आंधी लाने वाला होगा। और जिस समय नीचके शनि में उच्चका सूर्य समाविष्ट होगा; तथा जिस समय नीच के शनिके साथ नीचके सूर्य और उच्चके मंगलका समागम होगा वह समय हमारे देशके साथ विश्वके अनेकों महत्वपूर्ण राष्ट्रों और विशेषतः श्रमप्रधान राष्ट्रों एवं एशियामें अकल्पनीय तूफानका क्रान्तिकारी काल होगा-वहां अनेकों राष्ट्रोंके रंगरूप पलटते दिखाई देंगे। इतिहास नवीनरूप लेता दिखाई देगा। नक्शे ही पलट जाएंगे, अनेकोंका अस्तित्व भी स्वप्नवत् बन जाएगा। उत्थान-पतनों का यहां चक्र चलेगा। ग्रहों की विषम स्थिति से यह आशंका उत्पन होती है कि सर्वनाशी हथियारों का प्रयोग होना भी असम्भव नहीं, चाहे सहज घटना ही उस का ,निमित्त-कारण बन जाए। इससे भारतकी मुक्ति नहीं है। भारतीय जनताने पराधीनता देखी है, स्वाधीनताका स्वप्न भी लिया है; परन्तु १९६९ के अर्धभागके अनन्तर २।३ वर्ष आगेके समयमें शायद इस देशको कोई तीसरे स्वरूपको देखने का भी प्रसंग आ जाए तो असम्भव नहीं होगा। भारत की अनेकों समस्याएँ या तो समाप्त हो जाएँगी, सहसा परिवर्तन चक्रके साथ सुलझ जाएंगी, अथवा नये रूपमें समस्यासमूह बनकर समक्ष आएंगी। आन्तरिक एवं बाह्य संघर्षोंमें हमारा अस्तित्व खतरेमें पड़ता प्रतीत होता है। संघर्ष और विषमताके कारण १९६९ में भारत ही नहीं एशिया महाद्वीप तथा उससे सम्बन्धित राष्ट्र नए-नए आकस्मिक अकल्पित संकटसे गुजरते जाएंगे और उसी संकट समूहसे एक भीषण विस्फोट होगा, जो सर्वनाशकी ओर (मानवताको विनाशकी ओर) ले जाता दिखाई देगा। बाहर और भीतरके अनेक मानचित्र पलटते जाएंगे। विद्रोह अराजकताकी ओर ले जाता दिखाई देगा, यह १९६९ से १९७३ तकका काल है। १९६७ के आरंभमें ही हमने बतलाया था कि—"यह (पिछला) चुनाव देशकी स्थितिमें नवीनरूप प्रकट करेगा, अनेक मंत्रियोंका अदर्शन हो जाएगा और यह अस्थिरताका कारण बनेगा।' प्रस्तुत शासनका अभी १ वर्ष अस्तित्व तो रहेगा, किन्तु जड़ें हिलती हुई दिखाई देंगी। अधिकांश प्रदेशोंका पलटा हुआ रूप दिखाई देगा। आज यह स्पष्ट हो गया है, किंतु अब १९६९ में हिलती हुई जो जड़ें दिखलाई पड़ती हैं वे उखड़ने लगेंगी, और रूप विद्रोही हो जाएगा। केन्द्रका काया-पलट हो जाएगा। प्रस्तुत प्रधानोंका भावी अंधेरेमें पड़ जाएगा, आगेका भावी भीषण है, अन्धकारमय है। लगातार आगे संघर्ष विद्रोह बढ़ता जाएगा और आश्चर्य नहीं कि सत्ता का आसन डिग जाए। १९६९ से १९७१ तक आपत्तियोंसे घिरे रहना पड़ेगा। विनाश की ओर बढने का अवसर है, कोई प्रकाशका मार्ग १९७२ से पूर्व दिखाई नहीं देता। हां, उसके बाद यह देश सही मार्ग पर नए रूपमें आता दिखाई देगा। अभी १९६९-७० में अनेक मित्र शत्रु, और शत्रु मित्र बनते दिखलाई देंगे। वह चित्र कुछ और ही होगा, जिसकी कल्पना आज समयसे पूर्व देना सरल नहीं है। अभी सिवा संघर्ष और आन्तरिक अशान्तिके समाधानका मार्ग मिलना सम्भव नहीं है।

अभी १४ मार्च १९६९ को जब मीनका सूर्य राहु से युक्त होगा और २२ मार्च को मेषका शनि होकर १३ अप्रेल को मेषके सूर्यसे जुड़ेगा वह समय अन्दर बाहरके संघर्ष और अशान्ति को जन्म देने वाला खतरे का समय बन जाने वाला है, सावधानीके योग्य है। जगह-जगह जनता-शासन और सीमाएँ खतरेका विषय

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

बन जानेकी सम्भावना है। किन्तु, जो शासन ज्योतिष का महत्व स्वीकार नही करता, उसे सावधानीकी या खतरेकी सूचना क्यों सुनाई देने लगी ?"

वायु मण्डल वर्षा रोगोत्पातादि

इस वर्ष आर्द्रा प्रवेश लग्नमें लग्नेश शनि नीचराशिगत केन्द्रमें है और चन्द्रमा अष्टम भावमें सिंहराशिका है। वर्षारम्भमें ही कन्याराशिमें वक्रावस्थामें गुरुहर्शलका युद्ध (युति) हो रहा है। चान्द्रवर्षारम्भमें सूर्यग्रहण हो रहा है (भारतमें नहीं) मंगल वर्षारम्भसे ६ मास तक वृश्चिकराशिमें उत्पातक नेपच्यूनके साथ डेरा डालकर शनिसे षडष्टक योग बना रहा है, यह सब योग संसारके वायुमण्डल वर्षा उपज एवं जन स्वास्थ्यके लिए उत्तम नहीं है। प्रकृति-प्रकोप कहीं अवर्षण कहीं अतिवर्षण, कहीं भूकम्प, दुर्घटना अग्निकाण्ड, तो कहीं आंधी तूफानसे जनधनका विनाश करेंगे। मानवकृत विग्रह युद्धादि एवं प्रकृतिकृत दुर्भिक्ष उत्पातादिसे प्रजा त्रस्त होगी। असामयिक वर्षा होगी। ऋतुवैपरीत्य (शरदी में गरमी और गरमीमें शरदी) के लक्षण दिखाई देंगे। वैशाखसे आषाढ़ तक नगरों एवं जंगलों में भयंकर अग्निकाण्ड होंगे। शत्रुओं द्वारा तोड़फोड़की घटनाएँ भी अधिक होंगी। मरुस्थलमें भीषण जलसंकट उपस्थित होगा। इस वर्ष खण्डवृष्टि के योग हैं। प्रथम आषाढ शु० में कहीं साधारण वृष्टि होगी। पूर्वमें विशेष होगी। द्वितीय आषाढ शु० में सार्वत्रिक वृष्टि होगी। श्रावण भाद्रपद आश्विनमें कहीं अनावृष्टि तो कहीं अतिवृष्टिसे फसल को हानि होगी।

इस वर्ष यान दुर्घटनाएँ अधिक होंगी। हिमपात भूस्खलनसे विशेष हानि होगी। टिड्डी [illegible] भयंकर [illegible] [illegible] रोग फैलेंगे और फसलको हानि होगी। [illegible] [illegible], [illegible], [illegible] उन्माद आदि रोगोंकी वृद्धि होगी। पूर्व [illegible] [illegible] [illegible] अधिक होगा। समुद्र में भीषण तूफान आयेंगे। [illegible] आंधी तूफान से वृक्ष धराशायी होंगे, छप्पर उड़ेंगे। मई जूनमें अग्निकाण्ड और विद्युत्पात आदि [illegible] भी हानि होगी। इन दैवी आपत्तियों का मूलकारण हमारे [illegible] महर्षियों ने अधर्म और अनाचारको बताया है। इस समय धर्मप्राण भारतमें [illegible] और अधर्म अनाचारका बोलबाला है। गांधीजन्मशताब्दी मनाई जा रही है [illegible], गांधीजीके सत्य अहिंसा [illegible] ब्रह्मचर्य सिद्धान्तसे राष्ट्र विमुख हो गया है। आज भारतमें कोई भी ऐसा नेता दिखाई नहीं देता जो महात्मा गांधी और महामना [illegible] भांति [illegible] [illegible] [illegible] आदर्श उपस्थित करें। सब शासनकी [illegible] में उन्मत्त हुए कुरसी-[illegible]-[illegible] पीछे भाग रहे हैं और जनताको संयम [illegible] [illegible] उपदेश देकर "[illegible] [illegible]" बघारते हैं। जहां राष्ट्रके [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] हो जायें वहां देवगण कुपित होकर प्रकृतिप्रकोप उत्पातके रूपमें [illegible] का दण्डित करते हैं। भगवान् आत्रेयने 'चरकसंहिता' में [illegible] विमान में स्पष्ट बताया है कि ऐसे रोग उत्पात [illegible] विकृति दुर्भिक्ष युद्धादि क्यों उत्पन्न होते हैं, जिससे देशके देश उजड़ जाते हैं ? इसका मूल कारण उन्होंने अधर्मको ही बताया है। इस—

"समुवाच भगवानात्रेयः—सर्वेषामग्निवेश ! वाय्वादीनां यद् वैगुण्यमुत्पद्यते तस्य मूलमधर्मः तन्मूलं चासत्कर्म पूर्वकृतम्, तयोर्योनिः प्रज्ञापराध एव।……………… प्रागपिचाधर्मादृते नाशुभोत्पत्तिरन्यत:।" इत्यादि। जनपदोध्वंसके कारण विस्तृत रूपमें बताकर अन्तमें महर्षिने इस रोगसे मुक्ति पानेकी रामबाण चिकित्सा या उपाय धर्माचरण, सदाचारका पालन, सत्य, दया, दान, देवतार्चन, गुरुजनसेवा, सर्वभूतहितेरति, ब्रह्मचर्य और शान्ति आदिसे बताई है।

"सत्यं भूते दया दानं बलयो देवतार्चनम्। सद्वृत्तस्यानुवृत्तिश्च प्रशमो गुप्तिरात्मनः। हितं जनपदानां च शिवानामुपसेवनम्। सेवनं ब्रह्मचर्यस्य तथैव ब्रह्मचारिणाम्॥……इत्येतद् भेषजं प्रोक्तमायुषः परिपालनम्।" यहां अति संक्षेपमें केवल संकेतमात्र ही किया जा सका है। आज आसुरी भावापन्न संसार सदाचार और धर्मका उपदेश सुननेके लिए प्रस्तुत नहीं; 'विनाशकाले विपरीतबुद्धिः' होना स्वाभाविक ही है। संसारमें सत्वगुण सम्पन्न दैवीविभूतियां थोड़ी अवश्य होती हैं, परन्तु अन्तमें विश्वका कल्याण होता है उन्हीं के द्वारा, यह प्रकृतिका अटल नियम है। जो राष्ट्र समाज एवं व्यक्ति महर्षि के उक्त आदेशानुसार धर्माचरण पर आरूढ रहेंगे वे ही संसारमें अपना अस्तित्व स्थिर रख सकेंगे।

धर्मनिरपेक्ष राज्यकी देन

स्वतंत्रता प्राप्तिके बाद भारत जबसे धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित हुआ, तबसे वस्तुमात्रके भाव पहलेसे चौगुणे बढ गये और सुरसाके मुखकी भांति बढ़ते ही जा रहे हैं। भ्रष्टाचार मंत्रीसे लेकर चपरासी तक दशगुणा बढ़ गया है। भू० पू० गृहमंत्री श्री नन्दाजीने भ्रष्टाचार समाप्त करनेकी प्रतिज्ञा की थी, परन्तु उस घोषणाके बाद सर्वत्र भ्रष्टाचार विशेष रूपसे पनपा और नन्दाजीको धर्म निरपेक्षशासन ने उखाड़ फेंका। श्री मोरारजी भाई देसाई ने स्वर्णनियंत्रण और नशाबन्दी कानून लागू किया, पर न तो जनता को स्वर्ण-नियंत्रणसे कोई लाभ हुआ और नाहीं दारू-बन्दी से। पिछली तीन पंचवर्षीय योजनाओंमें अरबों रुपये व्यय हुए, उससे देश प्राप्त ऋणका ब्याज चुकाने योग्य भी समर्थ न हो सका और अब चौथी योजना शिर पर है। परन्तु विदेशों से इच्छित धनराशि न मिलनेसे अनेक कार्य स्थगित करने पड़े हैं। ये सब स्वतंत्र भारतमें धर्मनिरपेक्षता की उपलब्धियां हैं।

अन्न-समस्या

विगत चार वर्षों से हम इस पंचांग और 'ज्योतिष्मती' पत्रिका में आगे से आगे अन्न-समस्या के अधिक [illegible] [illegible] बनने और मँहगाई बढ़ने की सूचना बराबर देते आ रहे हैं, वह सत्य सिद्ध हो रहा है। इस वर्ष (सं० २०२५ में) गेहूं की फसल पंजाब हरियाणा उत्तरप्रदेश मध्यप्रदेश राजस्थान में गत वर्ष की अपेक्षा बहुत अधिक होने पर भी शासन तंत्र की अदूरदर्शिता, उत्पादक उपभोक्ताओंमें भेदभाव, जोन-बन्दी, [illegible]-[illegible] प्रतिबन्ध, [illegible] [illegible] आदि दुष्प्रवृत्तियों के कारण गेहूं आदि [illegible] की [illegible] मँहगाई में कोई कमी नहीं हुई। पहले कुछ प्रान्तों में अनुकूल [illegible] से फसल अच्छी हुई थी तो शेष पूर्वी भारत बंगाल आसाम उड़ीसा में भयंकर बाढ़

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

और राजस्थान में सूखा से फसल नष्ट होकर त्राहित्राहि मची है। जिस देश में अधर्म अनाचार पराकाष्ठा पर पहुँच जावे वहां प्रकृति-प्रकोप से दुर्भिक्ष स्वाभाविक ही है। शासक वर्ग रासायनिक खाद और नये-नये वैज्ञानिक उपायों के द्वारा अधिक अन्न उपजाकर देश को आत्मनिर्भर करना चाहता है, परन्तु प्रकृति पलभर में इन सभी भौतिक साधनों को विफल कर देती है। पृथ्वी के लिए गोबर का खाद ही सर्वोत्तम है। रासायनिक खाद से कुछ वर्षों में पृथ्वी की उत्पादन शक्ति क्षीण हो जाती है, इस तथ्य को अंग्रेजों के मानसपुत्र चाहे भले ही न मानें, परन्तु १०-१५ वर्ष बाद राष्ट्र को इसका फल भोगना पड़ेगा। करोड़ों रुपया रासायनिक खादउत्पादन में जो प्रति वर्ष व्यय किया जा रहा है उसे बचाकर गोधन वृद्धि में लगावें। देहात में जो गोबर जलाने आदि में नष्ट कर दिया जाता है उसे खाद के रूप में उपयोग की राष्ट्रव्यापी योजना बनावें तो राष्ट्र का अधिक कल्याण होगा। यदि भारत ने अपनी नीति न बदली और पश्चिमका अन्धानुकरण करता रहा तो आगामी १०-१५ वर्षों में अन्न के लिए आत्मनिर्भर होना तो दूर रहा, भयंकर दुर्भिक्ष का सामना करना पड़ेगा। इस समय विदेशों से जितना अन्न मिल रहा है आगे वह भी पूरा नहीं मिल पायेगा। हम तो यह बात गत ४ वर्षों से ग्रहगति के आधार पर लिखते आ रहे हैं। अन्न संकट के विषय में हमारी भविष्यवाणी का समर्थन अब खाद्य स्थिति का अनुसन्धान अध्ययन करने वाले दो अंग्रेज विद्वानों के मत से भी हो जाता है। अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त वर्तमान भारत के जो शासक ग्रहगति में विश्वास नहीं रखते वे अपने गुरु अंग्रेज वैज्ञानिकों के इस मत को ध्यान से पढ़ें। गत मई १९६८ के समाचार-पत्रों में लन्दन का समाचार इस प्रकार छपा है—

"१५ वर्षों बाद विश्वव्यापी भीषण दुर्भिक्ष पड़ने की भविष्यवाणी। लन्दन ९ मई (नाफेन) दुनियां में खाद्यान्न की स्थिति का अध्ययन करने वाले अनुसन्धान कर्त्ता दो विद्वानों डब्ल्यू० पडक और पी० पंडक ने '१९७५ का दुर्भिक्ष' नामक अपनी नयी पुस्तक द्वारा यह चेतावनी दी है कि अब से १५ वर्ष बाद दुनियां में अन्न का जो अभाव होगा उसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा समग्र एशिया, अफ्रिका और लेटिन अमेरिका पर। इन दोनों विद्वानों का मत है कि खेती बाड़ी की आधुनिक विधियां तथा जन संख्या बढ़ना रोकने की वैज्ञानिक विधियां भी कहत पड़ना नहीं रोक सकेंगी और दुर्भिक्ष के दो सौतेले भाई बन्धु अनाचार और सामाजिक अस्तव्यस्तता अगले दो दशकों के अन्दर समग्र भूमण्डल को अपने उदरस्थ कर लेंगे।"

इस नये वर्ष (सं० २०२६) की यह स्थिति अन्न समस्या के लिए समाधान कारक नहीं है। कुछ प्रान्तों में उत्पादन अधिक होने पर भी दूषित शासन व्यवस्था से जनता को उसका लाभ नहीं मिल पायेगा। कई प्रान्तों में प्रकृति-प्रकोप अनावृष्टि अतिवृष्टि से भी फसल नष्ट होगी। वर्षारम्भ से भाद्रपद कृष्ण १४ दि १० सितम्बर तक मंगल मेष राशि में दुर्भिक्ष उत्पात एवं सभी जीवनोपयोगी वस्तुओं में महार्घता कारक है। यथा—

यदा वृश्चिकराशिस्थो जायते च महीसुतः।
महार्घं सर्वद्रव्याणां नृपाणां कोपमादिशेत्॥

मंगल के वक्रत्वकाल में अनेक अकल्पित दुर्घटनाएँ होंगी। वर्षान्त में फाल्गुन मास २६ फरवरी १९७० से मंगल के मेष राशि में शनि से योग करने पर संसार और भारत में युद्ध दुर्भिक्ष रोगादि उपद्रवों का प्रकोप बढ़ेगा। मेष वृश्चिक के मंगल में कुछ राजपुरुष दुर्घटना ग्रस्त होंगे, कुछ का अवसान होगा।

उत्पादन में वृद्धि

इस वर्ष का धनेश मंगल है, भारतीय गणतंत्र के दशम भाव में है, और जगत् लग्न में पराक्रमस्थ होने से भारत का सैनिक सुरक्षा व्यय इस वर्ष बहुत बढ़ेगा। उत्पादन में वृद्धि होगी। शस्त्रास्त्र और अणुशक्ति तथा विद्युत् संस्थानों सीमिण्ट कागज खाद्य और छोटे मोटे कल पुर्जे बनाने के कारखानों की वृद्धि होगी। मंगल बलवान् होने से भूमि संरक्षण उत्पादन और सीमाप्रान्त पर्वतीय प्रदेश में परिवहन मार्ग में पर्याप्त प्रगति होगी। कुछ प्रान्तों में पहली फसल, तो कुछ में दूसरी फसल अच्छी होगी। पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में प्रकृति-प्रकोप से हानि होगी। शत्रु आक्रमण एवं प्रकृति-प्रकोप का सामना करने के लिए भारत अपने अदम्य साहस का परिचय देगा।

वाणिज्य-व्यवसाय

वाणिज्याधिपति बुध इस वर्ष का राजा है, यह जगत् लग्न में शनि सूर्य के साथ अष्टम है अतः संसार का वाणिज्य व्यवसाय अस्थिर डावांडोल स्थिति में रहेगा। व्यापारी वर्ग सशङ्क उद्विग्न से रहेंगे। प्राकृतिक राजनैतिक कारणों से वस्तुमात्र के भावों में अकस्मात् अकल्पित उलट फेर के कारण अनेक व्यापारी अपना सन्तुलन खो बैठेंगे। वर्षराज बुध होने से भारत के नगरों एवं ग्रामों में अनेक सरकारी अर्ध-सरकारी छोटे बड़े कारखाने स्थापित होंगे; उस व्यवसाय में कुछ लोगोंको रोजगार मिलेगा; परंतु शिक्षित नवयुवकोंमें बेकारी बढ़ेगी। अनेक उच्चशिक्षाप्राप्त नवयुवक नौकरी या रोजगार पाने के लिए मारे-मारे फिरेंगे। कोई भी वाणिज्य व्यवसाय निरापद नहीं समझा जावेगा। चोर बाजारी मिलावट और घूसखोरी का बोलबाला होगा। विदेशों से अनेक व्यापारिक संधि-समझौते होंगे उनसे राज्य और बड़े पूंजीपति ही लाभ उठा सकेंगे, सर्वसाधारण जनता को कोई लाभ नहीं होगा। इस वर्ष वैशाख ज्येष्ठ मास में अन्नादि खाद्य पदार्थ का भाव मंदा होनेपर निर्वाह योग्य संग्रह करना लाभप्रद होगा। आगे तेजी बनेगी। कार्तिकमासके प्रारम्भमें ही २६ अक्टूबर को मंगल मकर में जाकर नीचस्थ शनिसे पारस्परिक दृष्टि सम्बन्ध बनावेगा। दीपमाला रविवार को चतुर्ग्रह योग और १२ नवम्बर से तुलामें गुरु आकर शनिसे सप्तम दृष्टि सम्बन्ध बनावेगा अतः कार्तिक मास संसार के लिए अनिष्ट प्रद है, यहासे आगे संसारमें युद्ध उत्पात दुर्भिक्ष का भय बढेगा और जीवनोपयोगी वस्तुओं का ह्रास होगा। शास्त्रकारों ने लिखा है—

यदा जीवयुतो मंदो जीवाद्वा सप्तमे स्थितः।
तदा प्रजा विनश्यन्ति भूयश्चान्नपरिक्षयः॥

१३ अप्रेलसे १३ मई तक सूर्य उच्चमें और शनि नीच में रहेंगे, यह समय भी अशान्ति एवं उत्पातकारक है। वर्षभर अन्नादि पदार्थोंमें विशेष मंदीका योग नहीं है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हां, मंगल के कारण गुड़ शक्कर खाण्ड के भाव कुछ मंदे रहेंगे । सोना चांदी ताम्बा रुई कपास और तिलहनमात्र के भावोंका रुख तेजीकी ओर ही रहेगा । मंदी अस्थायी होगी । जूट पाट शेयरोंके भावमें अकल्पित उलट फेर होगा । प्रत्येक मासका भविष्य इस पंचांगके अन्तमें व्यापारभविष्य लेखोंमें दिया है । इससे अधिक सूक्ष्मविचार हमारी त्रैमासिक पत्रिका 'ज्योतिष्मती' में देखें ।

संरक्षण और चौथी पंचवर्षीय योजना

गत वर्षके पंचांग और 'ज्योतिष्मती' में हम यह सूचना दे चुके हैं कि-"शत्रु-देशके गुप्तचर अवैधरूपसे भारतमें घुसकर षड्यंत्र रचेंगे, तथा योजना पूर्ण रूपेण सफल नहीं हो पायेगी ।" यह सूचना सत्य प्रमाणित होने लगी है । अब इस वर्ष के प्रारम्भसे ही काश्मीर से नेफा असम तक और कच्छ काठियाड़ राजस्थान की हजारों मील लम्बी सीमा पर सुरक्षाके लिए सेनाको तय्यार रखना पड़ेगा । चीनके साथ मिलकर पाकिस्तान पूर्वपश्चिम दोनों ओर से भारतपर चोट पहुँचानेकी कुचेष्टा करेगा, अतः भारतका संरक्षणव्यय बहुत बढ़ जायेगा । प्रान्तोंकी घाटेकी अर्थव्यवस्था भी केन्द्रके लिए चिन्ताका कारण बनेगी । केन्द्र प्रान्तोंकी मांगको पूरा नहीं कर पायेगा । अर्थाभाव विदेशी मुद्राकी कमीके कारण चौथी पंचवर्षीय योजना अधूरी रहेगी । योजनाकी सफलताके लिए नये वित्तीयवर्षमें जनता पर नये करोंका भार भी पड़ेगा । आगामी बजटपर [illegible] आलोचना होगी । श्रम और शिक्षाके क्षेत्र (छात्रवर्ग) में असन्तोष फैलेगा । लोकसभा व विधानसभाओंमें अभूतपूर्व हुल्लड़ होंगे । राजाओंके भत्ते (प्रीवीपर्स) का प्रश्न उग्ररूप धारण करेगा । राजाओंकी सुविधाएँ समाप्त कर दी जायेंगी । भत्ता सर्वथा समाप्त नहीं होगा, कुछ वर्षों के लिए आंशिक कटौती कर दी जायेगी ।

प्रान्तीय राज्य संघ

काश्मीर—[illegible] २०२५ के पंचांगमें हमने [illegible] ३ वर्षका समय काश्मीरके लिए [illegible] लिखा था । इस नव वर्ष २०२६ में शनि मेष [illegible] और [illegible] रहेगा, कूर्मचक्रमें [illegible] केदार [illegible] भारी [illegible] सूचक [illegible] है । यथा—

[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥

वर्षारम्भसे पूर्व [illegible] काश्मीर समस्या फिर [illegible] । पाकिस्तानकी [illegible] । भारतको [illegible] सजग रहना चाहिए । [illegible] १९६५ को [illegible] [illegible] करेंगे । [illegible] काश्मीर समस्या [illegible] बनेगी । [illegible]

वर्षान्तमें मंत्रिमण्डल भंग होगा । आर्थिक दृष्टिसे काश्मीरकी दशा अत्यधिक शोचनीय होगी । राष्ट्रपति-शासन ही समस्याका समाधान माना जावेगा । प्रकृति प्रकोप और साम्प्रदायिक उत्पातसे वर्षके उत्तरार्धमें जनधन की हानि होगी । आगे चलकर (१९७०-७२ में) बृटेन, रूस, अमेरिका, काश्मीर का अधिकांश भाग पाकिस्तान को दिलाकर समझौता करानेका व्यर्थ प्रयत्न करेंगे । युद्धके बिना काश्मीर समस्या का समाधान संभव नहीं । काश्मीर भारतका अभिन्न अङ्ग है और रहेगा ।

पंजाब-हरियाना-हिमाचल-प्रदेश—इन तीनों प्रान्तोंकी राजनैतिक, आर्थिक समस्या वर्ष भर उलझी रहेगी । पंजाबमें साम्प्रदायिक वैमनस्य बढ़ेगा । पश्चिमोत्तरी पंजाबमें प्रकृतिप्रकोप और सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठसे हानि होगी । वर्षारम्भ से ही चण्डीगढ़-भाखड़ाका प्रश्न पंजाब-हरियाणामें तनाव पैदा करेगा । पंजाब के मध्यावधि चुनाव में कटुता बढ़ेगी । कांग्रेस स्थायी सुदृढ़ शासन पंजाबको नहीं दे पायेगी । कोई भी दल पंजाबकी जनतामें अधिक सफल नहीं हो पायेगा । वर्षारम्भ में जो मंत्रिमण्डल बनेगा उसके पूरे सदस्य वर्षभर भी नहीं टिक पायेंगे । पुनः राष्ट्रपतिशासन वा मंत्रिमण्डलमें परिवर्तनकी सम्भावना उपस्थित होगी । पंजाब में कोई भी प्रभावशाली त्यागी नेता दिखाई नहीं देगा । सिक्खों और कांग्रेसियोंमें (आपस में ही) फूट का विष बढ़ेगा । पंजाब हरियाणा में चोरी डाके हत्याकाण्ड और अपहरण की घटनाएँ अधिक होंगी । बैशाखसे आषाढ़ तक आंधी तूफान, अग्निकाण्ड, भयंकर गरमी, यत्रतत्र लू हैजा आदिके प्रकोपसे प्रजा पीड़ित होगी । श्रमिक छात्र एवं अध्यापकवर्ग असन्तुष्ट रहेगा, वर्षारम्भमें ही हरियाणा और हिमाचलके मंत्रि मण्डल को आन्तरिक फूटका धक्का लगनेसे लड़खड़ा जायेगा और वर्षके उत्तरार्धमें मंत्रिमण्डलमें परिवर्तन होगा । हिमाचल-प्रदेश परिवहन उत्पादनके क्षेत्रमें प्रगति करेगा, परंतु मंत्रिमण्डलमें वर्षभर गतिरोध बना रहेगा । हिमाचलकी फसल आलू, सेव आदि फलोंको ओले और कीड़े आदिसे हानि होगी । पंजाब हरियाणामें कपास, गेहूँ, चणा, ईख, तम्बाकू आदिकी फसलमें हानि होगी । इन प्रान्तोंके मुख्यमंत्रियोंको दुर्घटना से भी सतर्क रहना चाहिए, लोकप्रिय नेता का अवसान होगा ।

राजस्थान—इस वर्ष राजस्थान शनिके कुप्रभावमें है । पश्चिमोत्तर राजस्थान (जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर) में दुर्भिक्ष अनावृष्टि प्रकृतिप्रकोपसे हानि होगी । पूर्वदक्षिणी भागमें उत्पादन अधिक होगा । नये बांध, विद्युत, अणु, [illegible] संस्थान स्थापित होंगे । मेवाड़का पश्चिमोत्तरीय भाग [illegible] होगा। [illegible] के पूर्वार्ध में मंत्रिमण्डलीय गतिरोध उत्पन्न होगा । मेष के शनि में आगे राजस्थान [illegible] दुर्घटनाका मंत्रिमण्डलमें परिवर्तन अवश्यम्भावी है, इसी अवधिमें श्री सुखाड़ियाको [illegible] सामना करना होगा । भ्रष्टाचार और दलगत वैमनस्यसे प्रजा त्रस्त होगी । आर्थिक संकट बढ़ेगा । पश्चिमोत्तरीय सीमा संत्रस्त होगी । वर्षारम्भसे आषाढ़ तक और [illegible] कार्तिकसे आगे का समय प्रान्तकी राजनीतिमें क्रान्तिकारक सिद्ध होगा । भू० पू० [illegible] जागीरदार कांग्रेसशासनसे घोर असन्तुष्ट होंगे । जनसंघ स्वतंत्रपार्टी आदि विरोधी दलोंमें एकता का प्रयत्न होगा । विपक्षीदलमें स्थायी प्रभावशाली नेताका अभाव राजस्थानकी प्रगतिमें बाधक बनेगा ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

और राजस्थान में सूखा से फसल नष्ट होकर त्राहित्राहि मची है। जिस देश में अधर्म अनाचार पराकाष्ठा पर पहुँच जावे वहां प्रकृति-प्रकोप से दुर्भिक्ष स्वाभाविक ही है। शासक वर्ग रासायनिक खाद और नये-नये वैज्ञानिक उपायों के द्वारा अधिक अन्न उपजाकर देश को आत्मनिर्भर करना चाहता है, परन्तु प्रकृति पलभर में इन सभी भौतिक साधनों को विफल कर देती है। पृथ्वी के लिए गोबर का खाद ही सर्वोत्तम है। रासायनिक खाद से कुछ वर्षों में पृथ्वी की उत्पादन शक्ति क्षीण हो जाती है, इस तथ्य को अंग्रेजों के मानसपुत्र चाहे भले ही न मानें, परन्तु १०-१५ वर्ष बाद राष्ट्र को इसका फल भोगना पड़ेगा। करोड़ों रुपया रासायनिक खादउत्पादन में जो प्रति वर्ष व्यय किया जा रहा है उसे बचाकर गोधन वृद्धि में लगावें। देहात में जो गोबर जलाने आदि में नष्ट कर दिया जाता है उसे खाद के रूप में उपयोग की राष्ट्रव्यापी योजना बनावें तो राष्ट्र का अधिक कल्याण होगा। यदि भारत ने अपनी नीति न बदली और पश्चिमका अन्धानुकरण करता रहा तो आगामी १०-१५ वर्षों में अन्न के लिए आत्मनिर्भर होना तो दूर रहा, भयंकर दुर्भिक्ष का सामना करना पड़ेगा। इस समय विदेशों से जितना अन्न मिल रहा है आगे वह भी पूरा नहीं मिल पायेगा। हम तो यह बात गत ४ वर्षों से ग्रहगति के आधार पर लिखते आ रहे हैं। अन्न संकट के विषय में हमारी भविष्यवाणी का समर्थन अब खाद्य स्थिति का अनुसन्धान अध्ययन करने वाले दो अंग्रेज विद्वानों के मत से भी हो जाता है। अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त वर्तमान भारत के जो शासक ग्रहगति में विश्वास नहीं रखते वे अपने गुरु अंग्रेज वैज्ञानिकों के इस मत को ध्यान से पढ़ें। गत मई १९६८ के समाचार-पत्रों में लन्दन का समाचार इस प्रकार छपा है—

"१५ वर्षों बाद विश्वव्यापी भीषण दुर्भिक्ष पड़ने की भविष्यवाणी। लन्दन ९ मई (नाफेन) दुनियां में खाद्यान्न की स्थिति का अध्ययन करने वाले अनुसन्धान कर्ता दो विद्वानों डब्ल्यू० पडक और पी० पडक ने '१९७५ का दुर्भिक्ष' नामक अपनी नयी पुस्तक द्वारा यह चेतावनी दी है कि अब से १५ वर्ष बाद दुनियां में अन्न का जो अभाव होगा उसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा समग्र एशिया, अफ्रिका और लेटिन अमेरिका पर। इन दोनों विद्वानों का मत है कि खेती बाड़ी की आधुनिक विधियां तथा जन संख्या बढ़ना रोकने की वैज्ञानिक विधियां भी कहत पड़ना नहीं रोक सकेंगी और दुर्भिक्ष के दो सौतेले भाई बन्धु अनाचार और सामाजिक अस्तव्यस्तता अगले दो दशकों के अन्दर समग्र भूमण्डल को अपने उदरस्थ कर लेंगे।"

इस नये वर्ष (सं० २०२६) की यह स्थिति अन्न समस्या के लिए समाधान कारक नहीं है। कुछ प्रान्तों में उत्पादन अधिक होने पर भी दूषित शासन व्यवस्था से जनता को उसका लाभ नहीं मिल पायेगा। कई प्रान्तों में प्रकृति-प्रकोप अनावृष्टि अतिवृष्टि से भी फसल नष्ट होगी। वर्षारम्भ से भाद्रपद कृष्ण १४ दि १० सितम्बर तक मंगल मेष राशि में दुर्भिक्ष उत्पात एवं सभी जीवनोपयोगी वस्तुओं में महार्घता कारक है। यथा—

यदा वृश्चिकराशिस्थो जायते च महीसुतः।
महार्घं सर्वद्रव्याणां नृपाणां कोपमादिशेत्॥

मंगल के वक्रत्वकाल में अनेक अकल्पित दुर्घटनाएं होंगी। वर्षान्त में फाल्गुन मास २६ फरवरी १९७० से मंगल के मेष राशि में शनि से योग करने पर संसार और भारत में युद्ध दुर्भिक्ष रोगादि उपद्रवों का प्रकोप बढ़ेगा। मेष वृश्चिक के मंगल में कुछ राजपुरुष दुर्घटना ग्रस्त होंगे, कुछ का अवसान होगा।

उत्पादन में वृद्धि

इस वर्ष का धनेश मंगल है, भारतीय गणतंत्र के दशम भाव में है, और जगत् लग्न में पराक्रमस्थ होने से भारत का सैनिक सुरक्षा व्यय इस वर्ष बहुत बढ़ेगा। उत्पादन में वृद्धि होगी। शस्त्रास्त्र और अणुशक्ति तथा विद्युत् संस्थानों सीमेण्ट कागज खाद्य और छोटे मोटे कल पुर्जे बनाने के कारखानों की वृद्धि होगी। मंगल बलवान् होने से भूमि संरक्षण उत्पादन और सीमाप्रान्त पर्वतीय प्रदेश में परिवहन मार्ग में पर्याप्त प्रगति होगी। कुछ प्रान्तों में पहली फसल, तो कुछ में दूसरी फसल अच्छी होगी। पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में प्रकृति-प्रकोप से हानि होगी। शत्रु आक्रमण एवं प्रकृति-प्रकोप का सामना करने के लिए भारत अपने अदम्य साहस का परिचय देगा।

वाणिज्य-व्यवसाय

वाणिज्याधिपति बुध इस वर्ष का राजा है, यह जगत् लग्न में शनि सूर्य के साथ अष्टम है अतः संसार का वाणिज्य व्यवसाय अस्थिर डावांडोल स्थिति में रहेगा। व्यापारी वर्ग सशङ्क उद्विग्न से रहेंगे। प्राकृतिक राजनैतिक कारणों से वस्तुमात्र के भावों मे अकस्मात् अकल्पित उलट फेर के कारण अनेक व्यापारी अपना सन्तुलन खो बैठेंगे। वर्षराज बुध होने से भारत के नगरों एवं ग्रामों में अनेक सरकारी अर्ध-सरकारी छोटे बड़े कारखाने स्थापित होंगे; उस व्यवसाय में कुछ लोगोंको रोजगार मिलेगा; परंतु शिक्षित नवयुवकोंमें बेकारी बढ़ेगी। अनेक उच्चशिक्षाप्राप्त नवयुवक नौकरी या रोजगार पाने के लिए मारे-मारे फिरेंगे। कोई भी वाणिज्य व्यवसाय निरापद नहीं समझा जावेगा। चोर बाजारी मिलावट और घूसखोरी का बालबाला होगा। विदेशों से अनेक व्यापारिक संधि-समझौते होंगे उनसे राज्य और बड़े पूंजीपति ही लाभ उठा सकेंगे, सर्वसाधारण जनता को कोई लाभ नहीं होगा। इस वर्ष वैशाख ज्येष्ठ मास में अन्नादि खाद्य पदार्थ का भाव मंदा होनेपर निर्वाह योग्य संग्रह करना लाभप्रद होगा। आगे तेजी बनेगी। कार्तिकमासके प्रारम्भमें ही २६ अक्टूबर को मंगल मकर में जाकर नीचस्थ शनिसे पारस्परिक दृष्टि सम्बन्ध बनावेगा। दीपमाला रविवार को चतुर्ग्रह योग और १२ नवम्बर से तुलामें गुरु आकर शनिसे सप्तम दृष्टि सम्बन्ध बनावेगा अतः कार्तिक मास संसार के लिए अनिष्ट प्रद है, यहांसे आगे संसारमें युद्ध उत्पात दुर्भिक्ष का भय बढेगा और जीवनोपयोगी वस्तुओं का ह्रास होगा। शास्त्रकारों ने लिखा है—

यदा जीवयुतो मंदो जीवाद्वा सप्तमे स्थितः।
तदा प्रजा विनश्यन्ति भूपश्चान्नपरिक्षयः॥

१३ अप्रेलसे १३ मई तक सूर्य उच्चमें और शनि नीच में रहेंगे, यह समय भी अशान्ति एवं उत्पातकारक है। वर्षभर अन्नादि पदार्थोंमें विशेष मंदीका योग नहीं है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हां, मंगल के कारण गुड़ शक्कर खाण्ड के भाव कुछ मंदे रहेंगे। सोना चांदी ताम्बा रुई कपास और तिलहनमात्र के भावोंका रुख तेजीकी ओर ही रहेगा। मंदी अस्थायी होगी। जूट पाट शेयरोंके भावमें अकल्पित उलट फेर होगा। प्रत्येक मासका भविष्य इस पंचांगके अन्तमें व्यापारभविष्य लेखोंमें दिया है। इससे अधिक सूक्ष्मविचार हमारी त्रैमासिक पत्रिका 'ज्योतिष्मती' में देखें।

संरक्षण और चौथी पंचवर्षीय योजना

गत वर्षके पंचांग और 'ज्योतिष्मती' में हम यह सूचना दे चुके हैं कि-"शत्रु-देशके गुप्तचर अवैधरूपसे भारतमें घुसकर षड्यंत्र रचेंगे, तथा योजना पूर्ण रूपेण सफल नहीं हो पायेगी।" यह सूचना सत्य प्रमाणित होने लगी है। अब इस वर्ष के प्रारम्भसे ही काश्मीर से नेफा असम तक और कच्छ काठियाड़ राजस्थान की हजारों मील लम्बी सीमा पर सुरक्षाके लिए सेनाको तय्यार रखना पड़ेगा। चीनके साथ मिलकर पाकिस्तान पूर्वपश्चिम दोनों ओर से भारतपर चोट पहुँचानेकी कुचेष्टा करेगा, अतः भारतका संरक्षणव्यय बहुत बढ़ जायेगा। प्रान्तोंकी घाटेकी अर्थव्यवस्था भी केन्द्रके लिए चिन्ताका कारण बनेगी। केन्द्र प्रान्तोंकी मांगको पूरा नहीं कर पायेगा। अर्थाभाव विदेशी मुद्राकी कमीके कारण चौथी पंचवर्षीय योजना अधूरी रहेगी। योजनाकी सफलताके लिए नये विभागोंमें जनता पर नये करोंका भार भी पड़ेगा। आगामी बजटपर पर्याप्त आलोचना होगी। श्रम और शिक्षाके क्षेत्र (छात्रवर्ग) में असन्तोष फैलेगा। लोकसभा व विधानसभाओंमें अभूतपूर्व हुल्लड़ होंगे। राजाओंके भत्तो (प्रीवीपर्स) का प्रश्न उग्ररूप धारण करेगा। राजाओंकी सुविधाएँ समाप्त कर दी जायेंगी। [illegible] समाप्त नहीं होगा, कुछ वर्षों के लिए आंशिक कटौती कर दी जायेगी।

प्रान्तीय राज्य संघ

काश्मीर—[illegible] के पंचांगमें हमने मेषके शनिका ६ वर्षका [illegible] किया था। इस नव वर्ष २०२६ में शनि मेष [illegible] रहेगा, कूर्मचक्रमें [illegible] गजनी खुरासान केदार [illegible] विनाशके सूचक माने गये हैं। यथा—

[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥

वर्षारम्भसे पूर्व ७ मार्च १९६९ को [illegible] काश्मीर समस्या फिर उग्र बनने लगेगी। पाकिस्तानकी [illegible] और [illegible] बढ़ेगा। भारतको सतर्क सावधान रहना चाहिए। [illegible] पाकिस्तानको [illegible] १९६५ की [illegible] प्रेरित करेंगी। [illegible] काश्मीर समस्या अधिक [illegible] बनेगी। [illegible]

वर्षान्तमें मंत्रिमण्डल भंग होगा। आर्थिक दृष्टिसे काश्मीरकी दशा अत्यधिक शोचनीय होगी। राष्ट्रपति-शासन ही समस्याका समाधान माना जावेगा। प्रकृति प्रकोप और साम्प्रदायिक उत्पातसे वर्षके उत्तरार्धमें जनधन की हानि होगी। आगे चलकर (१९७०–७२ में) बृटेन, रूस, अमेरिका, काश्मीर का अधिकांश भाग पाकिस्तान को दिलाकर समझौता करानेका व्यर्थ प्रयत्न करेंगे। युद्धके बिना काश्मीर समस्या का समाधान संभव नहीं। काश्मीर भारतका अभिन्न अङ्ग है और रहेगा।

पंजाब-हरियाना-हिमाचल-प्रदेश—इन तीनों प्रान्तोंकी राजनैतिक, आर्थिक समस्या वर्ष भर उलझी रहेगी। पंजाबमें साम्प्रदायिक वैमनस्य बढ़ेगा। पश्चिमोत्तरी पंजाबमें प्रकृतिप्रकोप और सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठसे हानि होगी। वर्षारम्भ से ही चण्डीगढ़-भाखड़ाका प्रश्न पंजाब-हरियाणामें तनाव पैदा करेगा। पंजाब के मध्यावधि चुनाव में कटुता बढ़ेगी। कांग्रेस स्थायी सुदृढ़ शासन पंजाबको नहीं दे पायेगी। कोई भी दल पंजाबकी जनतामें अधिक सफल नहीं हो पायेगा। वर्षारम्भ में जो मंत्रिमण्डल बनेगा उसके पूरे सदस्य वर्षभर भी नहीं टिक पायेंगे। पुनः राष्ट्रपतिशासन वा मंत्रिमण्डलमें परिवर्तनकी सम्भावना उपस्थित होगी। पंजाब में कोई भी प्रभावशाली त्यागी नेता दिखाई नहीं देगा। सिक्खों और कांग्रेसियोंमें (आपस में ही) फूट का विष बढ़ेगा। पंजाब हरियाणा में चोरी डाके हत्याकाण्ड और अपहरण की घटनाएँ अधिक होंगी। वैशाखसे आषाढ़ तक आंधी तूफान, अग्निकाण्ड, भयंकर गरमी, यत्रतत्र लू हैजा आदिके प्रकोपसे प्रजा पीड़ित होगी। श्रमिक छात्र एवं अध्यापकवर्ग असन्तुष्ट रहेगा, वर्षारम्भमें ही हरियाणा और हिमाचलके मंत्रि मण्डल को आन्तरिक फूटका धक्का लगनेसे लड़खड़ा जायेगा और वर्षके उत्तरार्धमें मंत्रिमण्डलमें परिवर्तन होगा। हिमाचल-प्रदेश परिवहन उत्पादनके क्षेत्रमें प्रगति करेगा, परंतु मंत्रिमण्डलमें वर्षभर गतिरोध बना रहेगा। हिमाचलकी फसल आलू, सेब आदि फलोंको ओले और कीड़े आदिसे हानि होगी। पंजाब हरियाणामें कपास, गेहूँ, चणा, ईख, तम्बाकू आदिकी फसलमें हानि होगी। इन प्रान्तोंके मुख्यमंत्रियोंको दुर्घटना से भी सतर्क रहना चाहिए, लोकप्रिय नेता का अवसान होगा।

राजस्थान—इस वर्ष राजस्थान शनिके कुप्रभावमें है। पश्चिमोत्तर राजस्थान (जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर) में दुर्भिक्ष अनावृष्टि प्रकृतिप्रकोपसे हानि होगी। पूर्वदक्षिणी भागमें उत्पादन अधिक होगा। नये बांध, विद्युत, अणु, [illegible] संस्थान स्थापित होंगे। मेवाड़का पश्चिमोत्तरीय भाग [illegible] होगा। मेष के शनि में आगे राजस्थान वर्षके पूर्वार्द्ध में मंत्रिमंडलीय गतिरोध उत्पन्न होगा। [illegible] दुर्घटनाका मंत्रिमण्डलमें परिवर्तन अवश्यम्भावी है, इसी अवधिमें श्री सुखाड़ियाको दुर्घटनाका सामना करना होगा। भ्रष्टाचार और दलगत वैमनस्यसे प्रजा त्रस्त होगी। आर्थिक संकट बढ़ेगा। पश्चिमोत्तरीय सीमा संकटग्रस्त होगी। वर्षारम्भसे आषाढ़ तक और कार्तिकसे आगे का समय प्रान्तकी राजनीतिमें क्रान्तिकारक सिद्ध होगा। भू० पू० [illegible] जागीरदार कांग्रेसशासनसे घोर असन्तुष्ट होंगे। जनसंघ स्वतंत्रपार्टी आदि विरोधी दलोंमें एकता का प्रयत्न होगा। विपक्षीदलमें त्यागी प्रभावशाली नेताका अभाव राजस्थानकी प्रगतिमें बाधक बनेगा।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

उत्तरप्रदेश—स्थायी सुदृढ़ शासन प्रदान करने में प्रदेश असमर्थ रहेगा। आर्थिक राजनैतिक प्रश्नों को सुलझाने में भारतका यह सबसे बड़ा प्रान्त उत्तरप्रदेश 'निरुत्तर-सा' रहेगा। मध्यावधि चुनाव में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं हो सकेगा, स्वल्प बहुमतसे कदाचित् शासन-सूत्र सम्भाल लिया तो वह सम्पूर्ण मेषके शनिमें ३ वर्ष तक स्थिर नहीं रह पायेगा। वर्षान्तमें ही आपसी फूट प्रतिस्पर्धा भ्रष्टाचारसे मंत्रिमण्डल लड़खड़ा जायेगा और राष्ट्रपतिशासन की सम्भावना होगी। त्रिपाठी-गुप्त गुटके प्रति आगे चलकर जन विरोध भड़केगा। कांग्रेसका गढ़ उत्तार प्रदेश अब कांग्रेस में कोई भी त्यागी तपस्वी ईमानदार नेता नहीं दे पायेगा। पूर्वोत्तारीय उत्तारप्रदेश प्रकृतिप्रकोपसे पीड़ित रहेगा। धार्मिक सांस्कृतिक साम्प्रदायिक और औद्योगिक क्षेत्रोंमें भी यदा कदा अशान्ति रहेगी। दो नेता दुर्घटनाग्रस्त होंगे। किसी महानगरमें भयंकर अग्निकाण्ड और रेल दुर्घटनासे हानि होगी।

मध्यप्रदेश—वर्षारम्भसे विजयादशमी (२० अक्टूबर ६९) तक ज्येष्ठा मूला पू० पा० का मंगल कूर्मचक्रानुसार मध्यप्रदेश की राजनीतिक आर्थिक सामाजिक स्थितिके लिए प्रतिकूल है। विशेषकर मालवा मध्यभारत में प्रकृतिप्रकोप एवं उत्पात अधिक होंगे। यहां मंगल नेपच्यूनके साथ शनि से षडष्टक योग कर रहा है अतः संविद मंत्रिमण्डल संकटग्रस्त होगा। कांग्रेस में भी फूट और प्रतिस्पर्धा होने से यशस्वी स्थायी शासन देने में असमर्थ रहेगी, अतः वर्ष के उत्तरार्ध में राष्ट्रपति शासन की सम्भावना उपस्थित होगी। राजमाता और मुख्यमंत्री को दलगत मतभेद और स्वार्थी तत्वों के आघात प्रत्याघातों से विक्षुब्ध हो विश्राम के लिए विवश होना पड़ेगा। मेष के शनि में दो-तीन बार मंत्रिमण्डल का पुनर्गठन वा परिवर्तन सम्भव है। वर्षभर राजनैतिक अस्थिरता बनी रहेगी। विधान सभा में भारी हुल्लड़ होगा। पूर्वी मध्यप्रदेश प्रकृति-प्रकोप से पीड़ित होगा। मध्य-भारत उज्जैन, इन्दौर, भूपाल, बस्तर और बिलासपुर के आदिवासी क्षेत्र में हिंसक उपद्रव होंगे। मध्यमालव और पश्चिमोत्तरीय मध्यप्रदेश में सुभिक्ष होगा। पहली फसल मध्यम और दूसरी उत्तम उपजेगी। प्रान्त के दो वरिष्ठ नेता दुर्घटनाग्रस्त वा काल कवलित हो सकेंगे।

दिल्ली—दिल्ली या इन्द्रप्रस्थ कूर्मचक्रानुसार रेवती अश्विनी भरणी नक्षत्र के प्रभाव क्षेत्र में है। और वृषभ राशि का प्रभाव भी इन्द्रप्रस्थ (दिल्ली) पर माना गया है। मेष का शनि दिल्ली राज्य के लिए शान्तिकारक नहीं है। प्रकृति-प्रकोप आन्धी तूफान, अग्निकाण्ड, दुर्घटना, राजनैतिक वा प्राकृतिक भूकम्प से दिल्ली की कीली हिल जाय तो आश्चर्य नहीं। इस वर्ष में शनि का बल युवावस्था (मध्य) में नहीं पहुँचेगा, अतः केन्द्र और महानगर का शासन तो यथापूर्व बना रहेगा। किन्तु, वर्षारम्भ में ही केन्द्रीय मंत्रिमंडल और महानगर-परिषद् के उच्चाधिकारियों में कुछ परिवर्तन होगा। दिल्ली विकाश-अधिकरण, परिवहन, बिजली और जल-मल अधिकरण की अन्धेरगर्दी से असन्तोष फैलेगा। दिल्ली का 'मास्टर प्लान' सफल नहीं हो पायेगा। संशोधन आवश्यक होगा। लोकसभा और महानगर-परिषद् निगम में अवाञ्छनीय काण्ड होंगे। वर्षारम्भ एवं वर्षान्त में हड़ताल उग्र प्रदर्शन होंगे। दिल्ली राज्य का कुछ भाग बाढग्रस्त और कुछ सूखाग्रस्त रहेगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में आन्तरिक दल-बन्दी प्रतिस्पर्धा और जोड़तोड़की कूटनीति चलेगी। केन्द्रका प्रभाव सारे प्रान्तों पर पड़ेगा। दो-तीन वरिष्ठनेता दुर्घटनाग्रस्त होंगे। झुग्गी, झोंपड़ी और आवास समस्या में कोई सुधार नहीं होगा। खाद्य समस्या समाधान कारक रहेगी। ग्रीष्मकालमें दिल्ली में दुर्घटना, अग्निकाण्ड, तूफान और लू, हैजा आदि का प्रकोप अधिक होगा:

महाराष्ट्र, गुजरात, मद्रास, आंध्र, केरल, मैसूर—महाराष्ट्र में राजनैतिक आर्थिक असन्तोष बढ़ेगा। बम्बई में बन्दरगाह गोदी कर्मचारी और मिल-मजदूरों में असन्तोष, हड़तालें कई बार होंगी। कम्युनिस्ट तत्व शासन के सामने नई-नई समस्याएँ खड़ी करेगा। महाराष्ट्र की नगरपालिकाओं में भी असन्तोष, फूट, पार्टी बन्दी बढ़ेगी। शिवसेना का वर्चस्व बढ़ेगा। गुजरात महाराष्ट्र में उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि होगी। नशाबन्दी सफल न होगी। गुजरात में पेट्रोल तेल शोध-संस्थान प्रगति पर होगा। नर्मदायोजना का कार्य इस वर्ष में पूर्ण नहीं हो पायेगा। मद्रास, मैसूर, केरल, आंध्र के मंत्रिमण्डल में फूट पड़ेगी, केरल में राष्ट्रपति शासन होगा। आंध्र, मैसूर, मद्रास मंत्रिमण्डल भी लड़खड़ाने लगेगा। कुछ मंत्री दुर्घटनाग्रस्त होंगे। चीन-पाक प्रेरित कम्युनिस्ट गुप्तचर इन प्रदेशों में अवाञ्छनीय गतिविधि उत्पन्न करेंगे। प्रकृति-प्रकोप आंधी तूफान बाढ या भूकम्प से भी वर्ष के उत्तरार्ध में विशेष हानि होगी। दो नेता दुर्घटनाग्रस्त होंगे। गांधी-जन्म-शताब्दी मनाते हुए भी इस वर्ष समस्तभारत तो दूर रहा, गांधीजीका जन्म स्थल गुजरात राज्य भी गांधीजी के आदर्शों का पूर्ण रूपेण पालन नहीं कर पायेगा। तथाकथित गांधीभक्त नेताओं की कथनी और करनी में बहुत अन्तर होगा।

बंगाल, बिहार, असम, उड़ीसा, नागालेण्ड, मणिपुर, गोवा—भारत के पूर्वाञ्चलस्थ इन ६ प्रदेशों और दक्षिणस्थ गोवा पर इस वर्ष शनिमंगल हर्षल नेप्च्यून का कुप्रभाव रहेगा। राजनैतिक आर्थिक सामाजिक साम्प्रदायिक संकट वर्ष भर बना रहेगा। बंगाल मकर राशि के प्रभाव में है और कूर्मचक्रानुसार अश्ले. मघा. पू. फा. नक्षत्र बंगाल बिहार असम के भूभाग पर प्रभाव रखते हैं, अतः मेष राशि का शनि उक्त प्रान्तों में उत्पात विग्रह हिंसक उपद्रव राज्यक्रान्ति प्रकृति-प्रकोप से हानिकारक है। बंगाल बिहार के मध्यावधि चुनाव सुखप्रद सिद्ध नहीं होंगे। बंगाल बिहार में कांग्रेस पुनः पूर्व प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं कर पायेगी। बंगाल में साम्यवादी वामपक्षी दल बल पकड़ेगा। बंगाल की अपेक्षा बिहार में कांग्रेस को अधिक सफलता मिलेगी। परन्तु सुदृढ यशस्वी शासन प्रदान करने में कांग्रेस असमर्थ रहेगी। प्रथम तो वर्षारम्भ में ही मंत्रिमण्डल को झटका लगेगा और आगे २ अक्टूबर से पू. फा. में केतु प्रवेश करेगा अतः यहां से एक वर्ष के अन्दर पुनः बंगाल, बिहार का मंत्रिमण्डल भंग होगा। प्रकृति-प्रकोप से भी हानि होगी। असम, उड़ीसा, नागालेण्ड, मणिपुर की आर्थिक राजनैतिक स्थिति विशेष अशान्त बनेगी। असम और नागालेण्ड भारत सरकार के लिए भारी शिर दर्द बनेगा। चीन-पाक एजेण्ट भयंकर षड्यंत्र रचेंगे। ये बंगाल, असम, उड़ीसा में ही नहीं भारत भर के हर राजनैतिक सामाजिक

(शेष पृष्ठ १३१/१३२ पर देखें)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

दैनिक स्पष्ट ग्रह

इस पचाग मे यहां नीचे सूर्य, चन्द्र, बुध, शुक्र, स्पष्ट विकला पर्यन्त, और मंगल गुरु शनि राहु तथा हर्शल नेपच्यून कला पर्यन्त दिये गये हैं। यह दैनिक स्पष्ट ग्रह प्रातः स्टेण्डर्ड टाइम ५ बजकर ३० मिनट के है। इन स्पष्ट ग्रहों से प्रत्येक स्थान के तात्कालिक स्पष्ट ग्रह जानने की विधि यह है कि जैसे किसी दिन भारत में कहीं भी स्टेण्डर्ड टाइम से दिन के २ बजकर ४५ मिनट पर किसी व्यक्ति का जन्म या प्रश्न है तो यह प्रातः घण्टा ५ मिनट ३० से मध्याह्नोत्तर घण्टा १४।४५ तक ९ घण्टा १५ मिनट हुए। यही घण्टात्मक धन चालन हुआ। इसको २॥ से गुणने पर २३।७।३० घटी पल विकलात्मक धन चालन बन गया। इस चालन द्वारा दैनिक ग्रहगतिको त्रैराशिक या गोमूत्रिकाक्रम से गुणन करके कलादि फल को मार्गी ग्रह में जोड़ने और वक्री ग्रह में घटाने से तात्कालिक स्पष्ट ग्रह होगा। राहुमें ६ राशि जोड़ने से केतु बन जाता है। अतः यहां केतु को अलग नहीं लिया है। इन दैनिक ग्रहों से गति जानने का प्रकार यह है कि जिस दिनका स्पष्ट ग्रह करना है उस दिनके राश्यादि स्पष्ट ग्रहको उससे अगले दिन के राश्यादि स्पष्ट ग्रह में से घटा देवें, जो शेष रहे वह दैनिक गति होगी।

मार्च सन् १९६९ ई० प्रातः स्टेण्डर्ड टाईम घं० ५ मि० ३० के दैनिक स्पष्ट ग्रह। अयनांशा: २३।२५।३६ मासारम्भे प्लूटो ५।०।१३ वक्री

ता०	सूर्य				चन्द्र				मंगल			बुध				गुरु			शुक्र				शनि			राहु			हर्शल			नेपच्यून			ता०
मार्च	रा.	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	वि.	रा	अं	क.	रा	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	मार्च
१९	११	४	४७	१०	११	१४	४०	३१	७	१५	२७	१०	१६	३२	१७	५	८	६	०	३	२३	७	०	१	२०	११	७	७	५	८	४२	७	५	१२	१९
२०	११	५	४६	४९	११	२७	४८	१५	७	१५	४८	१०	१८	१०	५३	५	७	५९	०	३	२१	१९	०	१	२७	११	७	३	५	८	४०	७	५	११	२०
२१	११	६	४६	२६	०	१०	३७	४४	७	१६	९	१०	१९	५०	४४	५	७	५१	०	३	१९	२४	०	१	३४	११	७	०	५	८	३८	७	५	११	२१
२२	११	७	४६	०	०	२३	९	५५	७	१६	२९	१०	२१	३१	५०	५	७	४३	०	३	८	५९	०	१	४१	११	६	५७	५	८	३५	७	५	१०	२२
२३	११	८	४५	३२	१	४	२६	५७	७	१६	४९	१०	२३	१४	१३	५	७	३५	०	२	५९	५	०	१	४८	११	६	५४	५	८	३२	७	५	९	२३
२४	११	९	४५	४	१	१७	३१	५८	७	१७	८	१०	२४	५७	५३	५	७	२८	०	२	४६	४०	०	१	५६	११	६	५१	५	८	३०	७	५	८	२४
२५	११	१०	४४	३२	१	२९	५८	५०	७	१७	२८	१०	२६	४२	५१	५	७	२०	०	२	३१	४६	०	२	३	११	६	४७	५	८	२७	७	५	८	२५
२६	११	११	४३	५८	२	११	२१	५४	७	१७	४७	१०	२८	२९	८	५	७	१२	०	२	१४	२६	०	२	१०	११	६	४४	५	८	२४	७	५	७	२६
२७	११	१२	४३	२२	२	२३	१५	४३	७	१८	५	११	०	१६	४३	५	७	४	०	१	५४	४१	०	२	१८	११	६	४१	५	८	२२	७	५	६	२७
२८	११	१३	४२	४१	३	५	१५	१६	७	१८	२३	११	२	५	३७	५	६	५७	०	१	३२	३७	०	२	२५	११	६	३८	५	८	१९	७	५	५	२८
२९	११	१४	४२	१	३	१७	२४	३६	७	१८	४१	११	३	५५	४४	५	६	४९	०	१	८	१८	०	२	३२	११	६	३५	५	८	१६	७	५	४	२९
३०	११	१५	४१	१८	३	२९	४७	५१	७	१८	५८	११	५	४७	३१	५	६	४१	०	०	४१	५०	०	२	४०	११	६	३२	५	८	१४	७	५	३	३०
३१	११	१६	४०	३२	४	१२	२३	८	७	१९	१५	११	७	४०	२८	५	६	३४	०	०	१३	२१	०	२	४७	११	६	२८	५	८	११	७	५	२	३१

अप्रैल सन् १९७० ई० प्रातः स्टेण्डर्ड टाईम घं० ५ मि० ३० के दैनिक स्पष्ट ग्रह। अयनांशा: २३।२६।३४ मासारम्भे प्लूटो ५।२।१२ वक्री

ता०	सूर्य				चन्द्र				मंगल			बुध				गुरु			शुक्र				शनि			राहु			हर्शल			नेपच्यून			ता०
अप्रैल	रा.	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	अप्रैल
१	११	१७	३८	३२	९	७	३९	४०	०	१४	३१	११	२६	०	४६	६	१०	१०	६	१०	९	३७	०	१४	४१	१०	१७	५	५	१३	८	७	७	१४	१
२	११	१८	३७	५४	९	२२	९	३०	०	१४	४४	११	२८	८	४९	६	१०	३	६	१०	३	२	०	१४	४८	१०	१७	१	५	१३	६	७	७	१३	२
३	११	१९	३७	४४	१०	५	३३	४३	०	[illegible]	[illegible]	०	०	८	१०	६	९	५६	६	९	५६	२२	०	१४	५५	१०	१६	५८	५	१३	३	७	७	१२	३
४	११	२०	३६	५४	१०	२१	६	११	०	[illegible]	११	०	२	६	५६	६	९	५०	६	९	४९	१३	०	१५	२	१०	१६	५५	५	१३	०	७	७	११	४
५	११	२१	३६	१	११	५	३७	४०	०	[illegible]	०	०	४	६	२१	६	९	४३	६	९	४२	४०	०	१५	९	१०	१६	५२	५	१२	५८	७	७	१०	५
६	११	२२	३०	६	११	२०	१	३७	०	[illegible]	[illegible]	०	५	५७	४१	६	९	३६	६	९	३५	४२	०	१५	१७	१०	१६	४९	५	१२	५५	७	७	९	६

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अप्रैल सन् १९९९ ई० प्रातः स्टेण्डर्ड टाईम घं. ५ मि. ३० के दैनिक स्पष्ट ग्रह । अयनांशाः २३।२५।३८ मासारम्भे प्लूटो ७।२९।५३ वक्री

ता०	सूर्य				चन्द्र				मंगल			बुध				गुरु			शुक्र				शनि			राहु			हर्शल			नेपच्यून			ता०
अप्रैल	रा.	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क	रा.	अ.	क.	अप्रैल
१	११	१७	३९	४१	४	२५	२७	३१	७	१९	३१	११	९	३४	४४	५	६	२६	११	२६	४२	५७	०	२	५५	११	६	२५	५	८	९	७	५	१	१
२	११	१८	३८	५१	५	८	४६	५१	७	१९	४७	११	११	३०	२१	५	६	१९	११	२९	१०	५४	०	३	१	११	६	२२	५	८	६	७	५	०	२
३	११	१९	३७	५९	५	२२	२५	२३	७	२०	२	११	१३	२७	२१	५	६	११	११	२८	३७	२०	०	३	१०	११	६	१९	५	८	४	७	४	५९	३
४	११	२०	३७	०५	६	६	२०	५५	७	२०	१७	११	१५	२५	३८	५	६	४	११	२८	२	२७	०	३	१७	११	६	१६	५	८	१	७	४	५८	४
५	११	२१	३६	०९	६	२०	२९	५४	७	२०	३१	११	१७	२५	११	५	५	५७	११	२७	२६	९	०	३	२५	११	६	१२	५	७	५९	७	४	५७	५
६	११	२२	३५	११	७	४	४७	५५	७	२०	४५	११	१९	२५	५७	५	५	४९	११	२६	४९	४०	०	३	३२	११	६	९	५	७	५६	७	४	५६	६
७	११	२३	३४	११	७	१९	१०	१०	७	२०	५९	११	२१	२७	५२	५	५	४२	११	२६	१२	५५	०	३	४०	११	६	६	५	७	५४	७	४	५५	७
८	११	२४	३३	१०	८	३	३१	८	७	२१	११	११	२३	३०	५१	५	५	३५	११	२५	३४	२८	०	३	४७	११	६	३	५	७	५१	७	४	५४	८
९	११	२५	३२	७	८	१७	४९	५५	७	२१	२४	११	२५	३४	४७	५	५	२८	११	२४	५६	३५	०	३	५५	११	६	०	५	७	४९	७	४	५३	९
१०	११	२६	३१	२	९	१	५९	३७	७	२१	३५	११	२७	३९	३३	५	५	२१	११	२४	१८	५१	०	४	२	११	५	५७	५	७	४६	७	४	५२	१०
११	११	२७	२९	५५	९	१६	२	११	७	२१	४७	११	२९	४४	५८	५	५	१५	११	२३	४१	३१	०	४	१०	११	५	५३	५	७	४४	७	४	५१	११
१२	११	२८	२८	४७	९	२९	५३	२३	७	२१	५७	०	१	५०	५२	५	५	८	११	२३	४	४९	०	४	१८	११	५	५०	५	७	४१	७	४	४९	१२
१३	११	२९	२७	३७	१०	१३	३२	२४	७	२२	७	०	३	५७	२	५	५	१	११	२२	२९	०	०	४	२५	११	५	४७	५	७	३९	७	४	४८	१३
१४	०	०	२६	२५	१०	२७	१	४०	७	२२	१७	०	६	३	१३	५	४	५५	११	२१	५४	१७	०	४	३३	११	५	४४	५	७	३७	७	४	४७	१४
१५	०	१	२५	११	११	१०	१७	४१	७	२२	२६	०	८	९	१०	५	४	४९	११	२१	२०	५३	०	४	४०	११	५	४१	५	७	३४	७	४	४६	१५
१६	०	२	२३	५४	११	२३	२०	५७	७	२२	३४	०	१०	१४	३१	५	४	४२	११	२०	४८	५६	०	४	४८	११	५	३८	५	७	३२	७	४	४४	१६
१७	०	३	२२	३६	०	६	११	१३	७	२२	४१	०	१२	१९	३	५	४	३६	११	२०	१८	४१	०	४	५६	११	५	३४	५	७	३०	७	४	४३	१७
१८	०	४	२१	१६	०	१८	४८	२२	७	२२	४८	०	१४	२२	२५	५	४	३०	११	१९	५०	१७	०	५	३	११	५	३१	५	७	२८	७	४	४२	१८
१९	०	५	१९	५५	१	१	१२	५१	७	२२	५४	०	१६	२४	१६	५	४	२४	११	१९	२३	५९	०	५	११	११	५	२८	५	७	२५	७	४	४०	१९
२०	०	६	१८	३२	१	१३	२५	४६	७	२३	०	०	१८	२४	१६	५	४	१९	११	१८	५९	२७	०	५	१९	११	५	२५	५	७	२३	७	४	३९	२०
२१	०	७	१७	६	१	२५	२८	५८	७	२३	५	०	२०	२२	६	५	४	१३	११	१८	३७	१६	०	५	२६	११	५	२२	५	७	२१	७	४	३७	२१
२२	०	८	१५	३८	२	७	२५	१७	७	२३	९	०	२२	१७	२६	५	४	८	११	१८	१७	२१	०	५	३४	११	५	१८	५	७	१९	७	४	३६	२२
२३	०	९	१४	०९	२	१९	१७	३६	७	२३	१३	०	२४	१०	१	५	४	७	११	१७	५९	४५	०	५	४२	११	५	१५	५	७	१७	७	४	३५	२३
२४	०	१०	१२	३७	३	१	१०	२९	७	२३	१६	०	२५	५९	३३	५	३	५७	११	१७	४४	३२	०	५	४९	११	५	१२	५	७	१५	७	४	३३	२४
२५	०	११	११	३	३	१३	८	१९	७	२३	१८	०	२७	४५	४७	५	३	५२	११	१७	३१	४३	०	५	५७	११	५	९	५	७	१३	७	४	३२	२५
२६	०	१२	९	२७	३	२५	१५	५७	७	२३	१९	०	२९	२८	३३	५	३	४७	११	१७	२१	२०	०	६	४	११	५	६	५	७	११	७	४	३०	२६
२७	०	१३	७	४८	४	७	३८	१०	७	२३	२०	१	१	७	३४	५	३	४३	११	१७	१३	२३	०	६	१२	११	५	३	५	७	९	७	४	२९	२७
२८	०	१४	६	८	४	२०	१९	२५	७	२३	२०	१	२	४२	४५	५	३	३८	११	१७	७	५१	०	६	२०	११	४	५९	५	७	७	७	४	२७	२८
२९	०	१५	४	२५	५	३	२३	१७	७	२३	१९	१	४	१३	५६	५	३	३४	११	१७	४	४४	०	६	२७	११	४	५६	५	७	५	७	४	२६	२९
३०	०	१६	२	४०	५	१६	५२	०	७	२३	१८	१	५	४०	५९	५	३	३०	मा ११	१७	४	१	०	६	३५	११	४	५३	५	७	३	७	४	२४	३०

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मई सन् १९६६ ई० प्रातः स्टेण्डर्ड टाईम घं० ५ मि० ३० के दैनिक स्पष्ट ग्रह। अयनांशाः २३।२५।४२ मासारम्भे प्लूटो ४।२६।१४ वक्री

ता० मई	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	हर्शल	नेपच्यून	ता० मई
	रा. अं. क. वि.	रा. अं. क. वि.	रा. अं. क.	रा. अं. क. वि.	रा. अं. क.	रा. अं. क. वि.	रा. अं. क.	रा. अं. क.	रा. अं. क.	रा. अं. क.	
१	० १७ ० ५२	६ ० ४५ ४३	७ २३ १५	१ ७ ३ ४५	५ ३ २६	११ १७ ५ ३८	० ६ ४२	११ ४ ५०	५ ७ १	७ ४ २३	१
२	० १७ ५९ ३	६ १५ २ २१	७ २३ १२	१ ८ २२ १४	५ ३ २२	११ १७ ९ ३६	० ६ ५०	११ ४ ४७	५ ६ ५९	७ ४ २१	२
३	० १८ ५७ १३	६ २९ ३७ ७	७ २३ ९	१ ९ ३६ १७	५ ३ १८	११ १७ १५ ४१	० ६ ५७	११ ४ ४३	५ ६ ५८	७ ४ २०	३
४	० १९ ५५ २२	७ १४ २३ १२	७ २३ ४	१ १० ४५ ५०	५ ३ १४	११ १७ २४ १०	० ७ ५	११ ४ ४०	५ ६ ५६	७ ४ १८	४
५	० २० ५३ २९	७ २९ १२ ३४	७ २२ ५९	१ ११ ५० ५०	५ ३ ११	११ १७ ३४ ५०	० ७ १२	११ ४ ३७	५ ६ ५४	७ ४ १६	५
६	० २१ ५१ ३४	८ १३ ५७ १७	७ २२ ५३	१ १२ ५१ ११	५ ३ ८	११ १७ ४७ ४३	० ७ २०	११ ४ ३४	५ ६ ५३	७ ४ १५	६
७	० २२ ४९ ३८	८ २८ ३० ४४	७ २२ ४६	१ १३ ४६ ४९	५ ३ ५	११ १८ २ १९	० ७ २७	११ ४ ३१	५ ६ ५१	७ ४ १३	७
८	० २३ ४७ ४१	९ १२ ४८ २६	७ २२ ३९	१ १४ ३७ ४२	५ ३ २	११ १८ १९ [illegible]	० ७ ३५	११ ४ २८	५ ६ ४९	७ ४ १२	८
९	० २४ ४५ ४२	९ २६ ४८ ६	७ २२ ३०	१ १५ २३ ४५	५ २ ५९	११ १८ ३७ ४[illegible]	० ७ ४२	११ ४ २४	५ ६ ४८	७ ४ १०	९
१०	० २५ ४३ ४२	१० १० २९ २४	७ २२ २१	१ १६ ४ ५५	५ २ ५७	११ १८ ५८ १७	० ७ ५०	११ ४ २१	५ ६ ४७	७ ४ ९	१०
११	० २६ ४१ ४१	१० २३ ५३ २२	७ २२ ११	१ १६ ४१ १०	५ २ ५४	११ १९ २० ३६	० ७ ५७	११ ४ १८	५ ६ ४५	७ ४ ७	११
१२	० २७ ३९ ३९	११ ७ १ ४२	७ २२ १	१ १७ १२ २५	५ २ ५२	११ १९ ४४ ३०	० ८ ४	११ ४ १५	५ ६ ४४	७ ४ ६	१२
१३	० २८ ३७ ३४	११ १९ ५६ १७	७ २१ ५०	१ १७ ३७ ४१	५ २ ५०	११ २० १० २१	० ८ १२	११ ४ १२	५ ६ ४३	७ ४ ४	१३
१४	० २९ ३५ २९	० २ ३८ ४८	७ २१ ३८	१ १७ ५९ ५६	५ २ ४८	११ २० ३७ ३०	० ८ १९	११ ४ ८	५ ६ ४२	७ ४ ३	१४
१५	१ ० ३३ २२	० १५ १० ३६	७ २१ २५	१ १८ १६ ९	५ २ ४७	११ २१ ६ २९	० ८ २६	११ ४ ५	५ ६ ४०	७ ४ १	१५
१६	१ १ ३१ १२	० २७ ३२ ४०	७ २१ ११	१ १८ २७ २१	५ २ ४५	११ २१ ३६ ४६	० ८ ३४	११ ४ २	५ ६ ३९	७ ३ ५९	१६
१७	१ २ २९ २	१ ९ ४५ ५५	७ २० ५७	व१ १८ ३३ ३८	५ २ ४४	११ २२ ८ ३०	० ८ ४१	११ ३ ५९	५ ६ ३८	७ ३ ५७	१७
१८	१ ३ २६ ५१	१ २१ ५१ ४३	७ २० ४३	१ १८ ३५ ३	५ २ ४३	११ २२ ४१ ३५	० ८ ४८	११ ३ ५६	५ ६ ३७	७ ३ ५६	१८
१९	१ ४ २४ ३९	२ ३ ४९ ४९	७ २० २७	१ १८ ३१ ५४	५ २ ४२	११ २३ १६ ०	० ८ ५५	११ ३ ५३	५ ६ ३६	७ ३ ५४	१९
२०	१ ५ २२ २५	२ १५ ४३ ३५	७ २० १२	१ १८ २३ ५१	५ २ ४१	११ २३ ५१ ३६	० ९ २	११ ३ ४९	५ ६ ३५	७ ३ ५२	२०
२१	१ ६ २० १०	२ २७ ३४ २६	७ १९ ५५	१ १८ ११ ३८	५ २ ४१	११ २४ २८ ३२	० ९ १०	११ ३ ४६	५ ६ ३४	७ ३ ५१	२१
२२	१ ७ १७ ५३	३ ९ २५ ३	७ १९ ३८	१ १७ ५५ १७	५ २ ४१	११ २५ ६ ३०	० ९ १७	११ ३ ४३	५ ६ ३३	७ ३ ४९	२२
२३	१ ८ १५ ३४	३ २१ २१ ३	७ १९ २१	१ १७ ३४ ७	मार्ग २ ४०	११ २५ ४५ ४३	० ९ २४	११ ३ ४०	५ ६ ३२	७ ३ ४८	२३
२४	१ ९ १३ १४	४ ३ २७ १५	७ १९ ३	१ १७ ११ ४२	५ २ ४०	११ २६ २५ ५६	० ९ ३१	११ ३ ३७	५ ६ ३२	७ ३ ४६	२४
२५	१ १० १० ५३	४ १५ ४५ १०	७ १८ ४४	१ १६ ४५ ०	५ २ ४१	११ २७ ७ १२	० ९ ३८	११ ३ ३३	५ ६ ३१	७ ३ ४४	२५
२६	१ ११ ८ २९	४ २८ २४ २०	७ १८ २५	१ १६ १५ ४४	५ २ ४१	११ २७ ४६ २७	० ९ ४५	११ ३ ३०	५ ६ ३०	७ ३ ४३	२६
२७	१ १२ ६ ६	५ ११ २५ ५९	७ १८ ६	१ १५ ४४ ५६	५ २ ४२	११ २८ ३२ ३६	० ९ ५१	११ ३ २७	५ ६ ३०	७ ३ ४१	२७
२८	१ १३ ३ ४०	५ २४ ५४ ५०	७ १७ ४६	१ १५ ११ ११	५ २ ४२	११ २९ १६ ४७	० ९ ५८	११ ३ २४	५ ६ २९	७ ३ ३९	२८
२९	१ १४ १ ११	६ ८ ५२ ३५	७ १७ २६	१ १४ ३८ ४१	५ २ ४३	० ० १ ४८	० १० ५	११ ३ २१	५ ६ २८	७ ३ ३८	२९
३०	१ १४ ५८ ४२	६ २३ १७ ४६	७ १७ ६	१ १४ ५ ३१	५ २ ४४	० ० ४७ ४०	० १० १२	११ ३ १८	५ ६ २८	७ ३ ३६	३०
(९) महामारी विषूचिका—हैजा प्लेग– आदिसे सुरक्षा के लिए—

जय रघुबंस बनज बनभानू। गहन दनुज-कुल दहन कृसानू॥

मन्त्र सिद्ध करनेकी सरल विधि —

रामायणके इन चौपाई मन्त्रोंका विधान यह है कि श्रद्धालु साधक अपना चन्द्रबल देखकर सुमुहूर्त वाली रात्रिको १० बजेके उपरान्त एकान्त पवित्र स्थानमें काशीकी ओर मुख करके अष्टाङ्ग हवन सामग्रीसे एकमाला या १०८ मन्त्रसे आहुति देवे, अर्थात् एक बार चौपाई पढ़कर एक आहुति दे, इस प्रकार एकसौआठ बार मन्त्र

उच्चारणके साथ १०८ आहुतियाँ देने पर एक रात्रिमें ही मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

चर्मरोग और कर्णरोगकी अनुभूत औषधि

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

उच्चारणके साथ १०८ आहुतियाँ देने पर एक रात्रिमें ही मंत्र सिद्ध हो जाता है। फिर जब जिस कार्यके लिए आवश्यकता हो, इसका श्रद्धापूर्वक जप [illegible] कार्य सिद्ध न हो [illegible] रहना चाहिए।

अष्टाङ्ग हवनकी सामग्री यह है—

(१) [illegible], (२) तिल, (३) शुद्ध गोघृत, (४) शक्कर (खण्ड) (५) [illegible], (६) [illegible], (७) कपूर, (८) शुद्धकेशर, (९) नागरमोथा, (१०) पञ्चमेवा (११) जौ और, (१२) चावल।

रक्षारेखा—

मन्त्र सिद्ध करनेके लिए वा किसी सङ्कटपूर्ण स्थान पर रात्रि व्यतीत करने के लिए अपने चारों ओर रक्षाकी रेखा खींच लेनी चाहिए। श्रीलक्ष्मणजीने श्रीसीता जीकी कुटीके आसपास जो रक्षारेखा खींची थी, उसी लक्ष्य पर रक्षा मन्त्र बनाया गया है। इसे भी एक सौ आठ आहुति द्वारा पहले सिद्ध कर लेना चाहिए—

मामभिरक्षय रघुकुल नायक। धृतवर चाप रुचिर कर सायक॥

कुछ शावर मंत्र

आजकल कलियुगमें शावर मन्त्रों का भी अद्भुत चमत्कार देखने में आता है। ये शावर मन्त्र गुरु परम्परा जैसे लिख हुए उपलब्ध हैं वैसे ही इनका उच्चारण करना चाहिए, अपनी ओरसे शुद्ध करनेकी विद्वत्ता इन मन्त्रों में नहीं छाँटनी चाहिए।

बिक्री बढ़ाने का मन्त्र—

भँवर वीर तू चेला मेरा, खोल दुकान कहा कर मेरा।
उठे जो डण्डी बिकै जो माल भँवर वीर सोखे नहिं जाय॥

रविवारके दिन काले उड़द लेकर उन पर २१ बार यह मन्त्र पढ़कर दुकानमें डाल दे तो तीन रविवारोंमें बिक्री तीन चार गुणी बढ़ जायगी।

अर्श (बवासीर) नाशक मन्त्र—

"[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] जो न आवे ओकरेता, जाके रहे न गुदा रेखा [illegible] [illegible] यह मन्त्र जपता जाय, शौच करता जाय, खूनी बादी बवासीर जाय, [illegible] [illegible] तो अगस्त मुनि ब्राह्मण न भवति, यह मन्त्र सुनके भी [illegible] न करे [illegible]।"

[illegible] ७ बार मन्त्र पढ़कर गुद प्रक्षालन करने से सब प्रकार की अर्श (बवासीर) नष्ट होती है।

व्यापार लाभ यन्त्र

७२	८०	२	७
६	३	७७	७५
७६	७४	८	१
४	७५	७२	७४

इस यन्त्रको लाल [illegible] पर अष्टगन्ध से लिख कर [illegible] दुकानमें [illegible] तो व्यापार लाभ होवे।

इस शावर [illegible] ग्रहणमें वा दीपमालाको रात्रिमें जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। मन्त्र [illegible] सिद्ध [illegible] जाते हैं।

चर्मरोग और कर्णरोगकी अनुभूत औषधि

पांच तोले तिलोंके तेलको अग्नि पर चढ़ाकर पका ले और जब तैल पक जाय तो उसमें एक तोला कालीमिर्च डाल दें, जब कालीमिर्च जल जाय तो अग्नि से उतारकर तेलको छान लें। यह तेल समस्त कर्ण रोग और चर्म रोगोंको दूर करता है। कई प्रकारके रक्त विकारोंके लिए भी अत्यन्त लाभदायक है। कैसी भी भयङ्कर कानमें पीड़ा हो इस तेलकी दो तीन बूंद कानमें डालते ही तुरन्त लाभ होता है। यदि कान बहता हो तब भी प्रातः सायं दो तीन बूंद कानमें डालनेसे बहना बन्द हो जायेगा। नित्य डालनेसे बहरापन भी दूर हो जाता है। चम्बल, खुजली पर मालिश करनेसे बड़ा लाभ होता है। इसी तेलको गर्म करके मालिश करनेसे रीह अर्थात् वायुका दर्द और चोट लगनेसे होने वाले दर्द आदि भी निश्चित रूपमें दूर हो जाते हैं।

कालीमिर्च एक महान् औषधि या रसायन है। परन्तु सर्वसाधारण इसके गुणोंसे परिचित नहीं और न प्रयोग करना ही जानते हैं। प्रतिदिन प्रातः काल कुछ व्यायाम या आसन करके दो तोले शुद्ध गौ घृत में ७ कालीमिर्च भूनकरचबा जावें और ऊपरसे घृत पी लेवें तो वृद्धावस्थाकी निर्बलता कभी नहीं व्यापती। नेत्रोंकी ज्योति यथापूर्व बनी रहती है और शरीरमें कभी कोई रोग नहीं होता। श्वास रोग (दमा) श्लेष्मा (जुकाम) खांसी और पुराने सुजाक जैसे भयङ्कर रोग भी कालीमिर्च मिश्रित प्रयोगसे दूर हो जाते हैं और अनेक रोगियोंके दूर हुए हैं।

[सं. २०११ वि. के 'श्रीविश्वविजयपंचांग' से]

गतवर्षके पंचांगमें हमने दरिद्रता निवृत्ति, जीविका प्राप्ति, वर प्राप्ति, पत्नी-प्राप्ति आदिके अनुभूत मन्त्र लिखे थे। अब इस वर्ष धन-प्राप्तिके लिए कुबेर-मन्त्र का सिद्ध प्रयोग दे रहे हैं। यह प्रयोग स्वयं वा योग्य सदाचारी विद्वान् ब्राह्मणके द्वारा तीर्थस्थान शिवालय वा बिल्ववृक्षके नीचे विधि-पूर्वक करनेसे अवश्य ही इच्छित द्रव्यकी प्राप्ति होती है।

अथ कुबेरमन्त्र प्रयोगः—"ॐ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धनधान्याधिपतये धनधान्यसमृद्धिं मे देहि दापय स्वाहा।' इति पंचत्रिंशद्वर्णात्मको मन्त्रः। अस्य मंत्रस्य विश्रवा ऋषिः, बृहती छन्दः, कुबेरोदेवता सर्वेष्टसिद्धये जपे विनियोगः। ॐ विश्रव ऋषये नमः शिरसि, ॐ बृहती छन्दसे नमः मुखे, ॐ कुबेर देवतायै नमः हृदि। इति ऋष्यादिन्यासः॥ ॐ यक्षाय अंगुष्ठाभ्यां नमः, ॐ कुबेराय तर्जनीभ्यां नमः, ॐ वैश्रवणाय मध्यमाभ्यां नमः, ॐ धनधान्याधिपतये अनामिकाभ्यां नमः, ॐ धनधान्य समृद्धिं मे कनिष्ठिकाभ्यां नमः, ॐ देहि दापय स्वाहा, करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः। इति करन्यासः। एवं हृदयादिषडङ्गन्यासं कुर्यात्। एवं न्यासविधिं कृत्वा ध्यायेत्—

मनुजबाह्यविमानवरस्थितं गरुडरत्ननिभं निधिनायकम्।
शिवसखं मुकुटादिविभूषितं वरगदे दधतं भज तुन्दिलम्॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

...ध्यात्वा पीठ धर्मादि परनन्वान्त पीठदेवता: सम्पूज्य तद्देशे मूलेन मूर्ति प्रकल्प्य पाद्यादि पुष्पान्तैरुपचारैः सम्पूज्य आवरण पूजां कुर्यात् । तद्यथा—षट्कोणे आग्नेयादिकोणे केसरेषु मध्ये दिक्षु च ॐ यक्षाय हृदयाय नमः ॥ १ ॥ ॐ कुबेराय शिरसे स्वाहा ॥ २ ॥ ॐ वैश्रवणाय शिखायैवषट् ॥ ३ ॥ ॐ धनधान्याधिपतये कवचाय हुं ॥ ४ ॥ ॐ धनधान्यसमृद्धि मे नेत्रत्रयाय वौषट् ॥ ५ ॥ ॐ देहि दापय स्वाहा अस्त्रायफट् ॥ ६ ॥ इति षडङ्गानि पूजयेत् । ततो भूपुरे इन्द्रादि दश दिक्पालान् तद्बाह्ये वज्राद्यायुधानि च पूजयेत् । इत्यावरणपूजां कृत्वा धूपादि नीराजनान्त सम्पूज्य जपं कुर्यात् । अस्य पुरश्चरणं लक्षजपः । यथा—लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्तिलैः । शिवालये जपेमन्त्रमयुतं धनवृद्धये ॥ बिल्वमूलोपविष्टेन जपेल्लक्षं धनर्द्धिदम् ।' इति कुबेरमंत्रप्रयोगः ।

पुत्रोत्पत्तिकर यन्त्र

१०	१	१२
८	१५	३
२	२	५

इस यन्त्रको चमेलीकी लेखनीसे भोजपत्र पर अष्टगन्धसे लिखकर वन्ध्या स्त्रीकी कमरमें बांधे तो पुत्र होगा । दीपमाला या ग्रहणमें किसी तीर्थ पर प्रत्येक यन्त्रको १०८ बार भोजपत्र पर अष्टगन्धसे लिखकर सिद्ध करनेके अनन्तर प्रयोगमें लाना चाहिए ।

गर्भस्तम्भन यन्त्र

१००	६१	२	७
६	३	८४	१०३
८००	११००	८	१०
४	५	१०२	८८

इस यन्त्रको चमेलीकी कलमसे भोजपत्र पर अष्ट-गन्ध से लिखकर गर्भिणी स्त्रीकी कमरमें बांधे तो गर्भस्तम्भन होगा । गर्भस्रावका भय नहीं रहता ।

पुंसवन यन्त्र

१०	१	१२
८	१५	३
२	२	५

इस यन्त्रको अष्टगन्धसे भोजपत्र पर लिख कर जिस स्त्रीको कन्याएं ही होती हों उसकी कमरमें बांधे तो पुत्रोत्पत्ति होगी ।

राजयक्ष्मा वा क्षयकी दिव्य औषधि

भारतमें राजयक्ष्मा वा टी बी रोग बहुत फैलता जा रहा है । इस भयानक असाध्यरोगसे असंख्य प्राणी प्रतिवर्ष कालके गालमें समा जाते हैं । धनी रोगी सहस्रों रुपये व्यय करके सेनीटोरियममें वर्षों तक डेरा डाले रहते हैं फिर भी उन्हें पूर्ण लाभ नहीं होता । इस वर्ष प्रसंगवश श्रद्धेय महामहोपाध्याय श्री पं० परमेश्वरानन्दजी ने इस भयानक रोगका एक अनुपम सरल प्रयोग हमें बताया वह पाठकोंके लाभार्थ हम यहां दे रहे हैं ।

जिस रोगीको क्षय हो उसे रविपुष्य गुरुपुष्य अथवा अमृतसिद्धियोगमें नीचे लिखी विधिसे लहसुनका प्रयोग प्रारम्भ करावें तो ४० दिनमें रोगी बिलकुल स्वस्थ हो जावेगा । फिर कभी उसे क्षयकी आशङ्का नहीं रहेगी ।

लहसुनकी बड़ी पुष्ट गांठ लेवें, एक गांठमें कई कलियां या फांकें अलग-अलग निकलती हैं । शुभ चन्द्रमामें रोगीको प्रथम दिन प्रातः लहसुनकी एक कली खिला देवें, दूसरे दिन दो, तीसरे दिन तीन, इसी प्रकार प्रति दिन एक-एक लहसुनका दाना या कली बढ़ाते हुए ४० वें दिन ४० कलियां रोगीको खिला देवें । कलियां भली-भांति चबाकर निगल लेनी चाहिएं । लहसुन चबाकर यदि मुंहमें जलन प्रतीत हो तो ऊपरसे आधपाव या पावभर बकरीका दूध मिश्री मिला पी सकते हैं । बकरीका दूध न मिले तो गऊका पीना चाहिए । भैंसका दूध कदापि न लें । इस प्रयोगसे ६-७ दिन के अनन्तर ही ज्वर समाप्त हो जावेगा और भूख बढ़ने लगेगी । भोजनके साथ शुद्ध गोघृत और दूधकी मात्रा अधिक होनी चाहिए । घृत दुग्ध जितना पाचन कर सके देते रहें । ४० दिन में यह कल्प हो जावेगा और फिर कभी आयुपर्यन्त उसे क्षयरोग नहीं होगा । महामहोपाध्यायजीको यह दिव्य प्रयोग एक अनुभवी वृद्ध महात्मासे प्राप्त हुआ था, उन्होंने कई क्षयके रोगी इसी प्रयोगसे स्वस्थ किये हैं । कितना दिव्य सरल प्रयोग है । कुछ धार्मिक प्रवृत्तिके लोग लहसुन से घृणा करते हैं, परन्तु औषधिके रूपमें सेवन करनेसे कोई हानि नहीं । लहसुन उत्तेजक पदार्थ होनेके कारण ही संयमी सदाचारी सात्विक जनोंके लिये इसका निषेध किया गया है । वैसे यह वातादि अनेक रोगोंकेलिये महौषधि तो है ही । हमें पूर्ण विश्वास है कि ४० दिनके उक्त लहसुन-प्रयोगसे क्षयरोग अवश्य नष्ट हो सकता है । प्रयोगके दिनोंमें श्री मृत्युञ्जय जपानुष्ठानभी साथ चलता रहे तो विशेष लाभ होगा ।

वाजीकरण पौष्टिक दिव्य-औषधि

बल-वीर्य वृद्धिके लिये भारतके नवयुवक एवं वृद्ध पुरुष प्रतिवर्ष विशेषतः शीत कालमें स्वर्ण, मकरध्वज, वसन्तमालती आदि अनेक बहुमूल्य बलवर्द्धक वाजीकरण औषधियां सेवन करते रहते हैं । परन्तु उन बहुमूल्य औषधियोंके समान विशेष गुणकारी एक साधारण औषधि हम यहां बता रहे हैं, इससे सर्वसाधारण निर्धन मनुष्य भी उन बहुमूल्य औषधियोंसे भी अधिक लाभ उठा सकते हैं ।

छुहारेकी गुठलियां पर्याप्त मात्रामें इकट्ठी करके जलसे धोकर धूपमें सुखा देवें । जब खूब अच्छी प्रकार सूख जावे तो हमामदस्ते में बारीक चूर्ण बना लेवें, इस चूर्ण को कपड़छन करके सफेद प्याजके रसमें चूर्णको मिस्सी आटेकी भांति गूंदकर छोटे झाड़ी बेरके समान गोलियां बनाकर छाया में सुखा लेवें । एक गोली प्रातः आधसेर वा पावभर गायके दूधसे सेवन करें । २१ दिनमें ही शरीरमें विशेष स्फूर्त्ति और बल-वीर्य ओज तथा नवजीवनका संचार होते दिखाई देगा । घृत दुग्ध और फलोंका सेवन अधिक करना चाहिए । ४१ दिनमें सभी प्रकारके प्रमेह नष्ट होंगे और वीर्य पुष्ट होकर शरीर सुदृढ़ बनेगा । औषधिसेवन कालमें ४१ दिन तक ब्रह्मचर्यसे रहें और लाल मिर्च खटाई तेलके पदार्थोंका त्याग करें । जो लोग बहुमूल्य औषधियोंका सेवन कर चुके हैं वे एक बार इस अमूल्य दिव्य औषधिका भी सेवन करके देखेंगे तो उन्हें इसमें अधिक चमत्कार दिखाई देगा । यह प्रयोग भी श्री महामहोपाध्याय पं० परमेश्वरानंद

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

...का अनुभूत है। गत वर्षके पञ्चांगमें कालीमिर्चका एक अनुभूत प्रयोग दिया था, ... दो प्रयोग यहां और दे रहे हैं—

जुखाम, खांसी, श्वास और सुजाककी अद्भुत औषधि

पावभर कालीमिर्चको कूटकर सायंकालके समय चार सेर पानीमें भिगो दो। प्रातः मीठी-मीठी (मन्दी) आँच पर रखकर एक सेर पानी शेष रह जाने तक पकाओ! तदनन्तर कपड़ेसे छानकर इस पानीमें दो सेर खांड डालकर जैसे इलायचीदाना बनता है उसी प्रकार इलायचीदाना बना लो। इस इलायचीदानेको मुखमें रखकर चूसनेसे श्लेष्मा (नजला जुकाम, खांसी तथा आँख व सिरका भारीपन और साधारण श्वास रोग (दमा) को भी बहुत लाभ होता है। भोजनोपरान्त दोनों समय इसका रस चूसने से पाचन-शक्ति बढ़ती है। यदि किसी भाईको दमा या खांसीका कफ खुश्क हो गया हो और बार-बार खांसने पर भी कफ न निकलता हो तो उसे तुरन्त यह इलायचीदाना चूसनेको दीजिये, कफ निकलने लगेगा और शीघ्र आराम होगा।

जिस भाईको पुराना सुजाक होकर कुर्री पड़ गया हो तो उसको दूर करनेके लिए हमारे भाई आजीवन डाक्टरों, वैद्योंके चक्करमें पड़े रहते हैं। बहुत से निर्धन लोग जिनके पास पैसा नहीं है वे अपने स्वास्थ्यको नष्ट करके निराश हो जाते हैं तथा शरीरसे किसी प्रकारका परिश्रम करनेके योग्य नहीं रहते। 'श्रीविश्वविजय-पञ्चाङ्ग'के पाठकोंको चाहिये कि ऐसे रोगीको २ माशे कालीमिर्च पीसकर प्रातः सायं ताजा जल के साथ फंकी दें और ऐसे भयंकर रोगसे दुःखी हुए गरीबकी अन्तरात्माका आशीर्वाद प्राप्त करें।

[सं० २०१२ वि० के वि० वि० पञ्चाङ्ग से]

सर्वज्वरे बलिदानविधानम्

[illegible] रोगीके १ मुट्ठी चावलके भातसे पुतला बनावें, उसको [illegible] फिर उसके चारों ओर [illegible] पर [illegible] पुतलेके सम्पूर्ण शरीरमें हल्दीका लेप करें, [illegible] पूजन कर पीपलके [illegible] पुतलेके चारों ओर कोनोंमें स्थापन करें पीछे [illegible] (अथवा यथ यजमानस्य) [illegible] करे—ॐ ज्वरस्थि- [illegible] ! [illegible] !" इस [illegible] इस प्रकार आवाहन कर [illegible] पूजन करे। फिर [illegible] उस पुतलेको लेकर [illegible] ॐ नमो भगवते [illegible] ॥१॥ [illegible] ॥२॥ [illegible] ॐ ह्रीं [illegible] [illegible] इस प्रकार [illegible]

आक के अद्भुत गुण

(१) आकके पीले पत्ते पर घी लगा आग पर सेककर उसका रस निकालें और थोड़ा कानमें डाल देवें तो आधाशीशी (सूर्यावर्त्त) की पीड़ा और बहिरापन दूर होता है (२) आकके चौथाई पत्ते पर कत्था-चूना लगाकर पानकी भांति खानेसे दमारोग जाता रहता है। (३) आकके सूखे पत्तोंको आग पर डालकर उसका धुआं मलद्वार (गुदा) में लेनेसे अर्श (बवासीर) रोग नष्ट होता है (४) आकके फूलको जीरा और कालीमिर्चके साथ खानेसे खाँसी मिटती है। (५) आकका दूध पैरोंके अंगूठे पर थोड़ा२ दिनमें कई बार लगानेसे दुखती हुई आंख ठीक हो जाती है। (६) आककी जड़ दूधमें औटाकर उस दूधका घी निकालकर उस घृतको औषधिकी भांति खाते रहनेसे नहरुआ रोग जाता रहता है। (७) आककी जड़को जलाकर राख कर लेवें, इस राखको सरसों के तैलमें मिलाकर शरीरमें मलनेसे चर्म रोग नष्ट हो जाते हैं। [सं. २०१३ के 'विश्वविजय-पंचाग' से]।

वन्ध्या पुत्रप्रद प्रयोग—

आजकल अनेक सम्पन्न घरों में पुत्र सन्ततिका अभाव दिखाई देता है। पुत्र प्राप्तिके लिए शक्तिभर सभी सम्भव प्रयत्न किये जाते हैं, पर सफलता नहीं मिलती। ऐसे निराश गृहस्थोंके लिए हम मन्त्रशास्त्र और आयुर्वेदका एक अलौकिक सिद्ध प्रयोग यहां दे रहे हैं। इसके विधिवत् प्रयोग से सन्तानप्राप्ति अवश्य होगी। प्रयोगारम्भसे पहले स्त्री पुरुषकी जन्मकुण्डलियाँ योग्य अनुभवी विद्वान दैवज्ञको दिखाकर निर्णय करा लेवें कि कौन-कौन ग्रह सन्तान प्रतिबन्धक हैं। उन सबका प्रतिकार उपाय शान्ति, हरिवंशपुराण, सप्ताह, नवाह्न आदि श्रवण, सन्तान गोपाल जप, शिवार्चन, गयाश्राद्धादि जो भी उचित हो करवा दें। तदनन्तर नीचे लिखा प्रयोग (मन्त्र जप) स्वयं करें अथवा किसी विद्वान् से करवायें। जप अष्टमी मङ्गलवार से वट वृक्षके नीचे प्रारम्भ करें। दशांश हवन तर्पण मार्जनके अनन्तर दश सौभाग्यवती स्त्रियोंको भोजन करावें, तदनन्तर आठ माशा बचको १०८ षडक्षरी मन्त्रसे (जो नीचे प्रयोग में लिखा है) अभिमन्त्रित करके मिट्टीके बर्तन में सायंकाल भिगो देवें दूसरे दिन प्रातः उस भिगोई हुई आठ माशा बच को शुद्ध जलमें पीस कर तीन बटी (गोलियां) बना उनको गौके मक्खनमें लपेटकर ऋतुस्नानसे निवृत्त हो अर्थात् चौथे दिन प्रातः स्नान करके भीगे कपड़ों सूर्य को प्रणाम कर तीनों गोलियां निगल लेवें, उस दिन केवल दूध भात भोजन करें। शक्कर न लेवें, दूध में मिश्री मिला सकते हैं। कभी कभी स्त्रियों को इससे विरेचन या वमन भी होने लगता है, इसकी चिन्ता न करें।

"षडक्षरी महाविद्यायाः त्रिअयुत ३०००० संख्याकं कुजेऽष्टम्यां वटमूले स्थिरा- [illegible] निश्चल मानसो भवतः बालरूपां पूर्णचन्द्र समां [illegible] परदेवतां [illegible] पञ्चादश [illegible] जपेत्. त्रिअयुतं होमं कृत्वा तर्पण मार्जनादि विधाय [illegible] [illegible] वचां मन्त्रयित्वा तां वचां वन्ध्यास्त्रियं [illegible] चिरायुषं पुत्रं सा जनयेत्। नीच स्त्री पुरुष भाषणम् [illegible] [illegible] यथा—"ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं स्वाहा।"

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इस प्रयोग को सिद्ध-भेषज-मणिमाला में यों लिखा है—

[illegible] निक्षिप्य सकले कर्षे [illegible] बधान् । प्रातर्वन्ध्यो कृताञ्जलिको नवनीतेन लिप्येत् ॥
[illegible] नारी नियतस्नानभा । अथोदितं रविं तथा [illegible] स्थिता ॥
[illegible] पुत्रिः स्याद् गर्भकारणम् । स्वापयेदकं हृदयं पाठार्थं ब्राह्मणानमुदा ॥
[illegible] केवल माहरेत् । [illegible] कारयेत् [illegible] द्विजानिति ॥

ऋण मुक्ति और लक्ष्मी प्राप्ति प्रयोग :—

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं चिरचिर गणपतिवर वरदेयं मम वांछितार्थं कुरु कुरु स्वाहा ।"

अंगारकी चतुर्थी के दिन नित्यकृत्य से निवृत्त हो विधिवत् श्री गणपतिका पूजन कर उपर्युक्त मन्त्रका दशसहस्र जप करें, पश्चात् हवन करें। हवनमें गुग्गुल डली १०१, रक्त करवीर पुष्प १०१, लड्डू (चूरमा) ये तीनों वस्तुएँ एकत्रित कर उपर्युक्त मन्त्रसे १०८ आहुति देवें, पूर्णाहुति सुपारी से देवें। पुनः श्री गणपतिका विधिवत् गन्ध पुष्पादि द्वारा पूजन करे और २१ लड्डुओं का नैवेद्य धरे। पश्चात् दक्षिणा आरती मन्त्र पुष्पाञ्जलि प्रणामादि करके लड्डुओंका भोजन करे और शुद्ध आचमन करके उपर्युक्त मन्त्रका पुनः १०८ बार जप करके आसन से उठे। जपारम्भ से लेकर अन्तिम १०८ बार जप करने तक एक ही आसन पर बैठा रहे तो विशेष लाभप्रद है। हवन में केवल पलाशकी समिधा लेना और कार्यारम्भसे अन्त तक घृत दीप प्रज्वलित रहना चाहिए। इस प्रकार तीन पुरश्चरण करने पर लक्ष्मीप्राप्ति, इष्टसिद्धि धन धान्य वृद्धि अवश्य होती है और ऋणग्रस्त व्यक्ति ऋणमुक्त होते हैं।

[सं० २०१४ के वि० वि० पचाङ्ग से]

अथ धनप्रद कुबेराख्ययन्त्रम्

वसुप्रोक्तौ कुबेराख्यो महाद्रव्यप्रदायकः । महाबाला सौम्यस्वामी भंडारी तु शचीपतेः ॥
[illegible] सर्वं पातालस्य तथैव च । स्वर्गस्य तु तथा द्रव्यं तदधीने प्रवर्तते ॥
[illegible] न कुर्यात्कुतो महाशयः । [illegible] निस्य कोऽपि दाता न तत्समः ॥
[illegible] विस्मयप्रदम् । कुबेरस्य [illegible] प्रयोगे [illegible] सति ॥
[illegible] कुर्यात् [illegible] । [illegible] महाशक्तं विश्वनायकम् ॥
[illegible] स्वर्णके कुर्याच्चन्दनेन [illegible] ॥
[illegible] हृदि ध्यात्वा धुमं बलम् । पुनः प्रज्वालयेद्दीप [illegible] प्रदीपकम् ॥
घृतेन [illegible] यन्त्राणां नवसंख्यकम् । शतानां फलके रम्ये पलाशस्य दृढेन वै ॥
कुमारी मृत्तिका [illegible] तस्योपरि लिखेत् । वटवृक्षपलाशस्य मन्त्रं स्मृत्वा लिखेत्ततः ॥
[illegible] स्मृत्वा मन्त्रं पुनर्लिखेत् । पुनःप्रध्वंसयेद्यन्त्रं एवं कुर्यान्निरन्तरम् ॥
मौनेनैकासने स्थिरवा यन्त्रं नवशतं लिखेत् । ततश्च भोजनं कार्यं जितेन्द्रियपरोभवेत् ॥
द्विसप्तति दिनपर्यन्तमेवं कुर्यान्निरन्तरम् । सन्तुष्टो धनदस्तस्य सर्वस्वं हि ददाति च ॥
धनदाधीनद्रविणं तस्याधीनं प्रजायते । कुबेरसदृशो भूयाद् महायन्त्रप्रभावतः ॥
[illegible] प्रार्थितं सर्वं कार्यं कुर्यान्न संशयः । दुष्टा प्राणहराश्चौराः राजानो ये दुराशयाः ॥
[illegible] सर्वे तस्य पादाग्रे लुंठन्ति धरणीतले । अगम्यो मानवानां च राक्षसानां तथैव च ॥
[illegible] रत्नमणिवज्रं मुक्ताविद्रुमनीलकम् । रत्नानि तस्य पादाग्रे कर्करी इव दृश्यते ॥

मन्त्रस्तु—"ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अनुत्पन्नाना द्रव्याणामुत्पादकायोत्पन्नाना द्रव्याणां वृद्धिकराय वसुदाय नमः ।" ध्यानं तु—

मनुजबाह्य-विमानवरस्थितं गरुड़रत्ननिभं निधिनायकम् ।
शिवसखं मुकुटादिविभूषितं वरगदं धनदं भज तुन्दिलम् ॥

यन्त्रं तु [illegible] यथा :—

२७	२०	२५
२२	२४	२६
२३	२८	२१

नवकोष्ठात्मकं यन्त्रं विंशत्यंकादिनांकितम् ।
नवकोष्ठे नवांकाः स्युर्द्विसप्तति यथांकका: ॥

धनप्रदं कुबेरयन्त्रं गुरु पुष्ये प्रारम्भः । प्रत्यहं नवशत-नवशतयन्त्राणि लिखेत् निरन्तरं द्विसप्ततिदिनपलाशपट्ट पर्णे वा मध्यमे हड़तरे यद्वा पलाश-पुष्प-रञ्जित-अम्बरेषा कुमारी मृत्तिका तदुपरि वटवृक्षपलाशस्य मृत्तिकातृणः ताल: मृत्तिकाचतुष्टयं तत्र प्रक्षिप्य उदङ्मुखोपविश्य धनदं मनुजबाह्येति ध्यात्वा धूपं घृतदीपं च प्रज्वाल्य एकासने मौनेन प्रत्यहं 'ॐ ह्रीं०' इत्यादि चतुस्त्रिंशदक्षरमन्त्रं जपन् एकैकं यन्त्रं लिखित्वा नाशयित्वा पुनर्लिखित्वा नाशयित्वा, एवं नवशतयन्त्राणि लिखेत् । इति धनप्रदकुबेरयन्त्रविधानम् ।

पत्नी प्राप्ति के लिए विश्वावसु गन्धर्वका सिद्ध मन्त्र

जिन नवयुवक पुरुषोंको सुयोग्य सुन्दर कुलीन पत्नी प्राप्त करने कीइच्छा हो, वे नीचे लिखे मन्त्र का सवालक्ष जप स्वयं करें या करायें तो शीघ्र ही सुन्दर कुलीन कन्या पत्नी रूप में प्राप्त होगी। यदि सवा लक्ष जप न कर सकें तो प्रतिदिन सातवार मन्त्र से तर्पण करने से भी कुछ काल में कार्य सिद्धि होती है। विनियोग ध्यान और मन्त्र निम्नलिखित है—

ॐ अस्य श्रीगन्धर्वराजविश्वावसुमन्त्रस्य संमोहन ऋषिर्गायत्री छंदः श्रीगन्धर्व विश्वावसुर्देवता भार्यालाभार्थे जपे विनियोगः ।

ध्यानम्—हेमाम्भोजभूषिते रथवरे पुंकेसुभिः कल्पिते,
[illegible] कमलैः कन्याजनैः सेवितम् ।
गन्धर्वाधिपतिं प्रसन्नहृदयं विश्वावसुं यः पुमान्
मन्त्रं तस्य जपेल्लभेत नियतं कन्यावतीं कांक्षितम् ।

मन्त्रः—"ॐ विश्वावसुर्नाम गन्धर्वः कन्यानामधिपतिः सुरूपां सालंकारां कन्यां देहि मे नमस्तस्मै विश्वावसवे स्वाहा" ।

सन्तानकारक सिद्ध औषधि प्रयोग

(१) अश्विनी नक्षत्र में पीपल के ऊपर के वन्दारू की पत्ती पुष्प आदि लेकर एक वर्णवाली सवत्सा गौ के दूध के साथ मिलाकर स्त्री को रजोधर्म से ७ दिन तक प्रति दिन पिलावे। ३ मास तक यह प्रयोग (औषधि सेवन) करने से अवश्य गर्भ होगा। यदि प्रथम मास में ही गर्भाधान हो जावे तो फिर औषधि बन्द कर दें। सात दिन तक गौ दुग्ध और भात (चावल) का सेवन करें। [illegible] फलका

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

[illegible] को लेवें । तेल, [illegible], खटाई से परहेज करें । [illegible] का बान्दा [illegible] पंजाब में बन्दा कहते हैं, किसी वृक्षकी डालमें वृक्षादन के रूप में होता है । [illegible] छोटी गुठली [illegible] होती है. पीला [illegible] पुष्प के समान फूल होता है । आम, नीम पर अधिक मिलता है । मात्रा एक तोले पत्तीको पाव दूध में पीसकर पिलावें ।

(२) [illegible], [illegible] और शिवलिंगी तीनों बराबर लेकर कूट पीस छान के, दो तोलेकी फंकी लेकर ऊपर से मिश्री मिला गोदुग्ध पीने से [illegible] [illegible] [illegible] पुत्र को सुखपूर्वक प्रसव [illegible] है । [illegible] कहना है कि केवल शिवलिंगी के [illegible] [illegible] गोदुग्धसे निगल जाये तो अवश्य [illegible] होकर पुत्र उत्पन्न करेगी ।

परिवार नियोजन (सन्तति निग्रह) की सिद्ध औषधियाँ

गर्भनिरोधक प्रयोग (१)—[illegible] का मल (बीट) आधा तोला [illegible] आधा पाव पानी में [illegible], दूसरे प्रातःकाल मलकर छानकर मिश्री या [illegible] मिला कर [illegible] दिन एक मास तक पिये तो सदा के लिए सन्तति [illegible] । यदि [illegible] निरन्तर न पी सके तो प्रतिमास रजोधर्ममें [illegible] दिन पिये, [illegible] (तीन-तीन दिन) पीने से जीवन पर्यन्त कभी गर्भ धारण नहीं होगा ।

(२) [illegible] और [illegible] दोनोंको बराबर दो-दो तोले पीसकर ऋतु की [illegible] पीने से जीवन पर्यन्त परिवार नियोजन (सन्तति निग्रह) हो जाता है । [सं० २०१५ के श्री वि. वि. पंचांग से]

[illegible] यंत्र प्रयोग

[illegible] प्रयोगयात् ।"

[illegible]

ऋणमोचन प्रयोग

खैर (कत्था) की लकड़ीके कोयलेसे तीन खड़ी रेखाएँ भूमि पर खींचें । फिर नीचे लिखे हुए दो मन्त्रोंको पढ़ता हुआ बाएँ पैरकी एड़ीसे रगड़कर मिटा दे । वे दोनों मन्त्र ये हैं—

दुःखदौर्भाग्यनाशाय पुत्रसन्तानहेतवे ।
कृतरेखात्रयं वामपादेनैतत्प्रमार्ज्म्यहम् ॥१॥
ऋणदुःखविनाशाय मनोऽभीष्टार्थसिद्धये ।
मार्जयाम्यसिता रेखास्तिस्रो जन्मत्रयोद्भवाः ॥२॥

इतना कर [illegible] मंगलके [illegible] का ध्यान करता हुआ यह स्तुति करे ।

धरणीगर्भसम्भूतं विद्युत्कान्तिसमप्रभम् ।
कुमारं शक्तिहस्तं च मंगलं प्रणमाम्यहम् ॥१॥
ऋणहर्त्रे नमस्तुभ्यं दुःखदारिद्र्यनाशिने ।
नमामि द्योतमानाय सर्वकल्याणकारिणे ॥२॥
देवदानवगन्धर्वयक्षराक्षसपन्नगाः ।
सुखं यान्ति यतस्तस्मै नमो धरणिसूनवे ॥३॥
यो वक्रगतिमापन्नो नृणां विघ्नं प्रयच्छति ।
पूजितः सुखसौभाग्यं तस्मै क्ष्मासूनवे नमः ॥४॥
प्रसादं कुरु मे नाथ ! मंगलप्रद ! मंगल ।
मेषवाहन रुद्रात्मन् ! पुत्रान् देहि धनं यशः ॥५॥

प्रतिदिन अथवा केवल मंगलवारको ही ऊपर लिखा हुआ विधान करनेसे बहुत शीघ्र ऋण से छुटकारा मिल जाता है ।

सर्वरोग नाशक यंत्र

८	११	१४	१
१३	२	७	१२
३	१६	९	६
१०	५	४	१५

इस ३४के यन्त्रको होली, दीपावली, ग्रहण, या नवरात्र आदिमें १०८ बार लिख [illegible] कागज पर अष्टगन्ध से लिखकर रोगी को दाना समय पानी में घोल कर पिलावें तथा एक यंत्र उसकी [illegible] बांध देना चाहिए । इस यंत्रसे कैसा भी पुराना रोग किसी भी [illegible] समाप्त हो जाता है । ठीक होने के समय तक प्रातः [illegible] [illegible] चाहिए । [illegible] भी यह यंत्र अवश्य कुछ समय तक पिलाया [illegible] है और रोगी स्वयं ही स्वस्थता अनुभव करता है ।

[illegible]

[illegible] शक्ति बढ़ती है ।
[illegible] बन्द हो जायगा ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

शनिवार या रविवारको हाथीकी लीद चांदीमें मढ़कर बालकके गलेमें बांधने से बच्चे को नजर नहीं लगेगी।

शनिवारको सिंह (शेर) के दांत बालकके गलेमें बांधनेसे बच्चेके दांत शीघ्र निकल आते हैं। कोई कष्ट नहीं होता है।

जिस मनुष्य, स्त्री या बच्चे को ज्वर (बुखार) किसी भी तरह आता हो, सरदी से हो या बिना सर्दी प्रतिदिन ज्वर आता हो, दूसरे दिन आता हो या तीसरे दिन, एक ईंट पर रोगी का नाम चाकू या लोहेकी कीलसे भली प्रकार खोदकर (लिखकर) ३१ बार रोगी पर मस्तकसे पांव तक उतार कर शनि रवि या मंगलवार की रात्रिमें तीव्र अग्निके बीचमें रख दे अग्नि इतनी तेज होनी चाहिए कि ईंटका रंग लाल सुर्ख अग्नि समान हो जावे। रोगी का ज्वर पहली रात्रिमें ही उतर जायेगा। यदि तीव्र भयंकर ज्वर होगा तो तीन दिनके प्रयोगसे निश्चित रूपसे ज्वर उतर जायेगा, पहले दिन शनिवार दूसरे दिन रविवार और तीसरे दिन मंगलवार को ईंट का यह तन्त्र प्रयोग करना चाहिए।

खोई हुई वस्तु को प्राप्त करने का अनुभूत मंत्र

यदि किसी का पुत्र वा कोई भी प्रियजन कहीं चला जावे और पता न लगता हो तो नीचे लिखा मंत्र उसके पहने हुए वस्त्र (बनियान या कुरता) पर लिखकर उस वस्त्रको चरखेकी मालके साथ बांध देवे और गये हुए व्यक्तिकी माता बहन भाई या पिता प्रतिदिन आधा घण्टा से एक घण्टा तक चर्खेको उल्टा घुमावे और यह मंत्र पढ़ता रहे तो २१ दिन के अन्दर वह व्यक्ति घर आ जायेगा या पता चल जावेगा। अनुभूत प्रयोग है। **मन्त्र—"ॐ क्लीं कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहु सहस्रवान्। यस्य स्मरण मात्रेण गतं नष्टं च लभ्यते॥ क्लीं ॐ"** यदि किसी का पुत्र चला गया हो तो 'गतं नष्टं' के स्थानमें 'गतं पुत्रं' पढ़ना चाहिए। खोई हुई वस्तु प्राप्ति के लिए भी इस मंत्र का जप करना चाहिए।

सन्तान कारक सिद्ध औषधि प्रयोग

(१) पुष्य नक्षत्रमें सफेद पुष्प वाली कटैय्या की जड़ लाकर ऋतु स्नानके अनन्तर चौथे पांचवें छठे दिन सवत्सा गायके दूधके साथ दोनों समय स्त्री को पिलावे। इस प्रकार तीन दिन औषधि सेवनसे छठे दिन पतिके पास जाने पर अवश्य गर्भधारण करती है। पुष्य नक्षत्रमें श्वेत कटैयाकी जड़ लाकर रख लेवे फिर ऋतुमती होने से १६ दिनके अन्दर जिस दिन भी पुष्य नक्षत्र आ जावे उस दिन जलमें या गायके दूधमें पीसकर यह औषधि देदेवें। यदि रवि-पुष्य या गुरु-पुष्य मिल जावे तो सर्वोत्तम सिद्धि दायक समझना चाहिए।

(२) सफेद पीपल (यह पीपल कहीं कहीं बहुत कम मिलता है इसकी पत्ती डाली आदि सफेद होती है) की जड़, सफेद जीरा और सरफोंका के पत्ते डाली आदि सब दो तोला मिलाकर पावभर सवत्सा (बछड़ेवाली) गौके दूधमें पीसकर मिश्री मिला यदि वन्ध्या स्त्री पिये तो उसका वन्ध्यत्व दोष मिट जायगा अर्थात् इस प्रयोगसे अवश्य गर्भवती होकर पुत्र उत्पन्न करेगी।

परिवार नियोजन (सन्ततिनिग्रह) की सिद्ध औषधियाँ

(१) चौलाईकी जड़को चावलके धोवनके साथ पीस कर तीन दिन ऋतुकाल (रजस्वला समय) में पिये तो गर्भ धारण नहीं होता।

(२) कृष्णपक्ष की चतुर्दशीके दिन धतूरेकी जड़को लाकर काले कपड़े में लपेट कर स्त्री अपनी कमरमें बांधकर रमण करे तो गर्भधारण नहीं होगा। कृष्ण चतुर्दशी को लाई हुई धतूरेकी जड़को पीसकर स्त्री अपने स्मरगृह (गुह्यस्थान) में रक्खे तो एक मास तक गर्भाधान नहीं होगा। [सं०२०१६ के 'विश्वविजयपंचांग' से]

अनुभूत सिद्ध मन्त्र प्रयोग

गायत्रीमन्त्र के प्रभाव और महत्त्व से द्विजातिमात्र परिचित है। इस महामन्त्र के प्रभाव से लौकिक पारमार्थिक सभी मनोरथ सिद्ध हो सकते हैं परन्तु इस महामन्त्र जप की विधि अनेक द्विजों को भी ज्ञात नहीं, केवल आरम्भ में एक प्रणव लगाकर के जप करते रहते हैं। इसी कारण पूर्ण फल प्राप्त न होकर उलटे त्रिविध तापों की वृद्धि होती जा रही है। गायत्री मन्त्रजप में पांच प्रणव लगाने चाहिएं। गायत्री त्रिपदा है। अतः तीन प्रणव तीनों पादों के प्रारम्भ में, एक व्याहृति से पूर्व और एक तीसरे पाद के अन्त में। यथा—

ॐकारं पूर्वमुच्चार्य भूर्भुवःस्वस्तथैव च। गायत्रीं प्रणवान्तां च मध्ये त्रिप्रणवां तथा। (विश्वामित्र कल्पद्रुम)।

जपनीय गायत्री मन्त्र यह है—

ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं ॐ भर्गो देवस्य धीमहि। ॐ धियो यो नः प्रचोदयात्॥ ॐ नमः॥

इस प्रकार जपसे ही अपना तथा राष्ट्र का कल्याण है।

भूत प्रेतादि बाधा निवारक यंत्र

२	९	२	७
६	३	६	५
८	७	८	१
५	४	७	४

इस यंत्र को नवरात्र में अष्टमी की मध्यरात्रि के समय भोजपत्र पर अष्टगंध से लिखें। रात्रि के १२ बजे से सवा बजे तक चामुण्डा का ध्यान करते हुए जितने यंत्र लिखे जा सकें लिखकर रख छोड़े। रविवार को तावीज में रखकर जिस बालक या स्त्री पर भूत प्रेतादि का आवेश हो उसके गले में गुग्गुल धूप देकर धारण करानेसे प्रेतादि बाधा निवृत्त होगी। महा अष्टमी को रात्रि के १२ से १॥ बजे तक जितने यंत्र लिखे जायेंगे वे ही उपयोग में आ सकेंगे, अन्य नहीं। [सं० २०१७ के वि. वि. पंचांग से]

दुर्घटनासे बचनेका अमोघ उपाय

यानायात के साधन जितने शीघ्रगामी और सुविधाजनक बनते जा रहे हैं उतनी ही आये दिन यान दुर्घटनाएँ भी बढ़ती जा रही हैं। भौतिक विज्ञानोन्नति

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

[illegible] दे कर हमने आध्यात्मिकता को तिलांजलि दे दी है, उसीका यह दुष्परिणाम है। भारतीय संस्कृतिके उपासकजन आज भी जब छोटी बड़ी यात्राके लिए प्रस्थान करते हैं तो वे सुमुहूर्तमें अपने इष्ट देवका स्मरण करके पैर आगे बढ़ाते हैं; ताकि उनकी यात्रा मंगलमय हो। अशुभ मुहूर्त और क्रूर ग्रहोंके योगमें प्रायः दुर्घटनाएँ अधिक होती हैं। यात्रा के प्रारम्भ में (चलते समय) नीचे लिखे मंत्रों का तीन बार एकाग्रचित्तसे जप कर लिया जावे तो किसी प्रकार की दुर्घटनाका भय नहीं रहेगा—

आत्तसज्जधनुषाविषुस्पृशावक्षयाशुगनिषंगसंगिनौ।
रक्षणाय मम रामलक्ष्मणावग्रतः पथि सदैव गच्छताम् ॥ १ ॥
सन्नद्धः कवची खड्गी चापबाणधरो युवा।
गच्छन्मनोरथोऽस्माकं रामः पातु सलक्ष्मणः ॥२॥

[अक्षय बाणोंके तरकसको हाथमें लिये हुए, तथा धनुषपर बाण चढाये हुए भगवान् श्रीरामचन्द्र और लक्ष्मण मेरी रक्षा करनेके लिये मेरे मार्गमें सदा आगे आगे चलें। कवच खड्ग और धनुष बाण धारण किये हुए युवा राम और लक्ष्मण यात्रामें मनोरथों को परिपूर्ण करते हुए हमारी रक्षा करें।]

निर्विघ्न यात्राके लिए 'श्रीपञ्चस्तवी' का यह मंत्र भी विशेष लाभप्रद है—

लक्ष्मीं राजकुले जयां रणमुखे क्षेमङ्करीमध्वनि
क्रव्याद द्विपसर्पभाजि शबरीं कान्तारदुर्गे गिरौ
भूतप्रेतपिशाचजृम्भकभये स्मृत्वा महाभैरवीं
व्यामोहे त्रिपुरां तरन्ति विपदस्तारां च तोयप्लवे ॥

प्रस्थानके समय चलते हुए एक या तीनबार इस मन्त्रका मनमें जप करें। [illegible] नीचे लिखे मन्त्र जपने [illegible] स्थान पर यात्री को आसन भोजन स्थान शय्या-[illegible] सुव्यवस्था मिलती है—

[illegible] ! [illegible] त्वं ग्रामेषु नगरेषु च।
आसनं भोजनं शय्यां [illegible] ॥

सर्वग्रह पीड़ा निवारक तांत्रिक प्रयोग

[illegible] प्राचीन 'श्रीदत्तात्रेय तंत्र' नामक [illegible] से यह [illegible] यहाँ दिये गये हैं।

अर्क (आक) [illegible], [illegible], दूर्वा, वट (बरगद या बड़) इन सब की जड़ें [illegible] और [illegible] के पत्ते, [illegible] के पत्ते, [illegible] [illegible], [illegible], [illegible], मूंग, गेहूं, तिल, [illegible] [illegible] सरसों, चन्दन, [illegible] और [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] के समय [illegible] [illegible] वृक्षके नीचे अथवा किसी [illegible] आकर "[illegible]" इस मंत्र का [illegible] जप [illegible] पीड़ा नाशनं कुरु कुरु स्वाहा।" [illegible]

करे तो सब ग्रहों का उपद्रव नष्ट हो जाता है और महादारिद्रा तथा पातकी योग भी मिट जाते हैं। "दत्तात्रेय तंत्र" में इस प्रयोग का मूल पाठ इस प्रकार लिखा है—

अर्कमूलं च धत्तूरमपामार्गस्य मूलकम्। दूर्वामूलं च वटमूलं अश्वत्थमूलमेव च ॥
शमीपत्रं चाम्रपत्रं पत्रमौदुम्बरमेव च। मृण्मय पात्रमध्यस्थ दुग्धघृतसमन्वितम् ॥
तण्डुल चणक मुद्गं गोधूम तिलसर्षपम्। गोमयं सर्वं [illegible]ता: कृष्णचन्दन संयुतम् ॥
मधुतक्रयांस्तत्र सन्ध्याकाले शनैर्दिने। अश्वत्थमूले निःक्षिप्त ग्रहोपद्रव नाशनम् ॥
यावज्जीवति लोकेऽस्मिन् ग्रहपीड़ा न भवन्ति च ॥

[सं० २०१८ वि० के 'श्री विश्वविजयपंचांग' से]

दरिद्रता नाशक त्रिलोह-मुद्रिका

जो लोग दरिद्रता से पीड़ित हों जिनकी जन्म-कुण्डली में प्रबल दारिद्र्य योग पड़ा हो, या जिन्हें रोजगार धन्धा करने में लाभ की अपेक्षा हानि होती हो, वे लोग नीचे लिखी विधि के अनुसार मुद्रिका धारण करेंगे तो निश्चित निर्धनता पिशाच के चंगुल से छुटकारा पा जायेंगे। उक्त मुद्रिका निर्माण करने और धारण करने की विधि यह है कि शुक्ल पक्ष में जिस दिन रविवार या गुरुवार को पुष्य नक्षत्र हो उस दिन शुद्ध ताम्बा १२ भाग, चांदी १६ भाग और सोना १० भाग के अलग अलग तीन तार स्वर्णकार से बनवा कर त्रिवेणी वा पवित्री की भांति तीनों तारों की सम्मिलित मुद्रिका (अंगुठी) बनवाकर उसी दिन पूजन करके दाहिने हाथ की अनामिका अंगुलि में धारण करें।

लक्ष्मीदाता सिद्ध यन्त्र

इस यन्त्र को सिद्ध करने के निमित्त किसी पुरश्चरणादि प्रयोग की आवश्यकता नहीं। शताधिक परीक्षणों में सर्वदा यह रामबाण रहा है। यह प्रयोग श्रावण मासमें ही किया जाता है। श्रावणके अतिरिक्त मासोंमें भी इसका प्रयोग किया जा सकता है, किन्तु परिणाम कितने प्रतिशत होगा यह नहीं कहा जा सकता। कारण कि वैसे परीक्षणका अवसर प्राप्त न हो सका। लेखकको ज्ञात होनेके उपरान्त अभी तक शताधिक साधकोंसे भिन्न-भिन्न लौकिक कामनाओंको लेकर यह प्रयोग श्रावण मास में ही करवाया है एवं शत-प्रतिशत सफलता उन्हें प्राप्त हुई है।

प्रयोग है भगवान् आशुतोष शङ्करका। श्रावण कृ० प्रतिपदा से ब्रह्मचर्य भूशय्या एवं नक्त भोजनादि पुरश्चरण नियमों के पालनपूर्वक पूर्णिमा पर्यन्त शिवलिंग (मन्दिर में प्रतिष्ठित) का निश्चित संख्या (११, २१, ४१, ५१, १०१, १११ आदि) के अर्क पुष्पों से पञ्चाक्षरी मन्त्र द्वारा अर्चन करे। अर्थात् प्रत्येक पुष्प शिव पञ्चाक्षरी (नमः शिवाय) उच्चारणपूर्वक चढ़ावे। पुनः अखण्ड १०८ बिल्व-पत्रों पर (तीनों पत्र पर अलग-अलग) रक्तचन्दन से मालती या दाड़िम की लेखनी (कलम) द्वारा निम्नांकित यन्त्र अंकित कर प्रत्येक बिल्व-पत्र को उसी पञ्चाक्षरी मंत्र द्वारा शिवलिंग पर अर्पित करे। तीस दिन के इस प्रयोग से निश्चय धनागम होना प्रारम्भ हो जाता है। इसमें सन्देह को कहीं स्थान नहीं। आज तक एक बार का भी प्रयोग असफल नहीं हुआ। जिसका जी चाहे परीक्षा कर देख सकता है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ध्यान रहे, दो बातों का दृढ़ता से आचरण हो। एक अर्चन का समय जो पहिले दिन निश्चित हो गया, पूरे मास वही रहेगा। यह न होगा कि आज प्रातःकाल मध्याह्न और परसों घरके काममें फंस गये तो अपराह्न या प्रदोष कालमें ही सही। दूसरे बिल्व-पत्रों की संख्या १०८ होगी, कम ज्यादा नहीं। इसी प्रकार अर्क (आक, मदार, आकड़ा) के पुष्पोंकी संख्या निर्धारित पहले दिन हो जायगी अन्त तक वही रहेगी। बीच में कम ज्यादा न हो सकेगी। श्रावण में अर्क-पुष्प कठिनाई से प्राप्त होते हैं। अतः सोच विचार कर संख्या निर्धारित करें।

वं	वं	वं	वं
पं	पं	पं	पं
दं	दं	दं	दं
लं	लं	लं	लं

इस प्रयोग में उपर्युक्त नियम की पाबन्दी ही सफलता की जननी है। नियम व्यतिरेक होने पर सफलता संदिग्ध हो जाती है। फिर भी लाभ होता ही है। धन प्राप्तिके अतिरिक्त अन्य कामनाओंको लेकर भी यह प्रयोग किया जा सकता है। निश्चित शत प्रतिशत सफलता मिलती है। यन्त्र यह है।

वर प्राप्ति के लिए

जिन कन्याओं की जन्मकुण्डली में मंगली वा वैधव्य योग हो, उन्हें नियमित रूपेण सोमवार व्रत, शिवार्चन और गौरी पूजन करना चाहिए। तथा श्रीमद्भागवत दशमस्कन्ध उत्तरार्ध अध्याय ५२-५३-५४ इन तीनों अध्यायोंका नित्य पाठ करनेसे सुयोग्य वरकी प्राप्ति होकर सौभाग्य वृद्धि होती है। इसके लिए और भी कुछ अनुभूत उपाय हैं जो प्रत्यक्ष में ज्ञात किये जा सकते हैं।

अनिष्ट परिणाम से सुरक्षा का अनुभूत प्रयोग

श्रीदुर्गासप्तशतीके बारहवें अध्यायमें अखिल ब्रह्माण्ड-नायिका श्रीजगदम्बा ने अपने श्रीमुखसे प्रतिज्ञाकी हैकि—"जब भयकर ग्रहपीड़ा और त्रिविध उत्पातका समय हो तो मनुष्यको अनन्य श्रद्धा विश्वासके साथ मेरी शरणमें आना चाहिए, जो मेरे नाम का कीर्तन करेगा, जप पाठ पूर्वक माहात्म्यका श्रवण कीर्तन करेगा उसकी सभी आपत्तियां मैं दूर कर दूंगी।" इससे उत्तम शांति और कल्याणका मार्ग दूसरा कोई नहीं।

अतः प्रत्येक प्रान्त, नगर और ग्राममें और विशेषकर सिद्ध शक्तिपीठों और पुण्यतीर्थक्षेत्रोंमें आपत्ति निवारणार्थ सामूहिक या व्यक्तिगतरूपमें यथाशक्ति नवचण्डी, शतचण्डी, सहस्रचण्डी, अयुतचण्डी, लक्षचण्डीका प्रयोग विधिवत् होना चाहिये। चारों नवरात्रोंका समय प्रयोगारम्भके लिए विशेष उत्तम है।

जो लोग प्रतिदिन सम्पूर्ण दुर्गासप्तशतीका पाठ समयाभावके कारण न कर सकते हों वे दिन रात्रिमें कभी केवल चारों स्तुतियों (शक्रस्तुति अ० १, शक्रादिस्तुति अ० ४, देवीसूक्त अ० ५, और नारायणीस्तुति अध्याय ११) का श्रद्धापूर्वक एकाग्रचित्तसे पाठ करके भी सभी प्रकारकी विघ्नबाधाओंसे मुक्ति पा सकते हैं।

जो लोग इतना भी न कर सकें वे केवल—"करोतु सा नः शुभ हेतुरीश्वरी शुभानि भद्राण्यभिहन्तु चापदः।" इस मंत्रका प्रतिदिन प्रातः सायं यथाशक्ति जप करें। आबाल वृद्ध इस महामंत्रका सामूहिक वा व्यक्तिगत रूप में श्रद्धापूर्वक जब भी समय मिले जपकर श्रेय प्राप्त कर सकते हैं।

देशकाल परिस्थितिके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति शान्त समाहित चित्तसे एकान्तमें जगदम्बा की मूर्ति वा चित्रके सम्मुख घृतदीपक और धूप प्रज्वलित करके अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड-नायिका जगदम्बाका तन्मयतासे ध्यान करता हुआ इष्ट मन्त्रका कम से कम १० माला जप करें। उस समय यह भाव होना चाहिएकि भक्त बड़े ही कारुण्यपूर्ण कातरस्वरसे त्राणार्थ मन्त्रमयी स्तुति कर रहा है और मां अभय मुद्रा द्वारा अपने वत्सको स्मितवदनसे निहार रही है। यह भी अनुभव करना चाहिएकि उस करुणामयी जगदम्बाके अभयदानसे सर्वत्र शांति व्याप्त हो रही है और भक्तवत्सला आनन्दमयी मांकी कृपासे ही हम अनिष्ट योगके असामयिक भय से मुक्त हो गये हैं। इससे भगवत्कृपाके साथ वायुमण्डल शुद्ध होगा और अणु परीक्षणों से दूषित वातावरणके प्रभाव (महामारी आदि रोगों) से भी रक्षा होगी। जो लोग निश्चित समय पर विधि पूर्वक मन्त्र, जप, स्तुति, पाठ न कर सकें वे अहर्निश आर्त भावसे केवल—'त्राहिमाम्' 'त्राहिमाम्' 'रक्षमाम्' 'त्वमेव शरणं मम' इन मन्त्रों मेंसे किसीका भी चलते फिरते, उठते बैठते मनमें जप करते हुए भी सभी आपत्तियोंसे मुक्ति पा सकते हैं।

सबके लिए यह आवश्यक नहींकि वे जगन्माताकी ही उपासना करें। रामभक्त प्रजा 'रामचरितमानस' पाठकी सामूहिक योजना बनावें। सभी आपत्तियोंके निवारणार्थ—

आपदामपहर्त्तारं दातारं सर्वसम्पदाम्।
लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो भूयो नमाम्यहम्॥

इस महामन्त्र का जप भी रामबाण सिद्ध होगा। [सं० २०१९ के वि. वि. पंचांग से]

लक्ष्मी प्राप्ति और सर्व कार्य साधक मन्त्र-राज

"......सम्मेलन के अवसर पर आपके समक्ष मैंने जगज्जननी भगवती श्रीदुर्गा माँ के जिस सफल प्रार्थना स्वरूप सबीजपल्लव सिद्ध मन्त्रराज की चर्चा की थी, वह सर्वाङ्गपूर्ण मन्त्र सविधि निम्न है। मुझे तो इसके नैत्यिक अग्निहोत्र के साथ केवल ३ आहुतियां देने मात्र से ही अभीष्टसिद्धि के लक्षण दृष्टिगोचर हो रहे हैं। यह निश्चय सत्य है कि नियमपूर्वक यदि एकासन पर अनुष्ठान किया जाय तो माँ का कृपा प्रसाद यथोक्त फलस्वरूप दुर्लभ नहीं हो सकता। मन्त्र यह है—

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

"ॐ श्रीं नमः दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजन्तोः स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि ॐ ह्रीं दारिद्र्य दुःख भयहारिणी का त्वदन्या सर्वोपकारकरणाय सदार्द्रचित्ता नमः श्री ॐ हुं फट् स्वाहा ।।

(The middle lines of this mantra are only partly legible: "पर्यन्तिके यच्च दूरके भयं विन्दतु मामिह पवमानावतञ्जहि यदुत्थितं भयं भगवति दुर्गे तत्सर्वं शमय स्वाहा । दुर्गा देवी शरणमहं प्रपद्ये प्रतिकूल सर्व नाशय, अनुकूलं मे प्रयच्छ ह्रीं")

इस मन्त्रराजके ५५ सहस्र जप किये जाय और नित्य एक सहस्र मात्र जप करे । उत्तराभिमुख बैठकर शुद्ध गोघृत दीपक प्रज्वलित करके नित्य जप करें । भोजन में एक बार दूध खिचड़ी मात्र रहे । ५५ दिन में यह प्रयोग सम्पन्न होता है । सिद्ध है, मैंने जिस रूप में इस मन्त्रराज को प्राप्त किया है बिल्कुल उन्हीं अक्षरों में आपके पास निवेदन कर रहा हूँ । यदि इससे जन कल्याण हुआ तो अपना श्रम सफल समझूंगा ।

भगवान् भास्कर का अनुभूत यंत्र और मंत्र प्रयोग

यह प्रयोग नृसिंहगढ़ के वयोवृद्ध विद्वान् राजज्योतिषी श्री पण्डित लक्ष्मीनारायणजी त्रिपाठी ने पाठकों के लाभार्थ प्रस्तुत किया है ।

सूर्य यन्त्र स्वर्ण तावीज में

६	३२	३	३४	३५	१
७	११	२७	२८	८	३०
[illegible]	१४	१६	१५	२३	२४
१८	२०	[illegible]	[illegible]	१७	१३
२५	२९	१०	९	२६	१२
३६	५	३३	४	२	३१

अनुभव सिद्ध सूर्य यन्त्र

रविवार को कृत्तिका नक्षत्र हो उस दिन यह यन्त्र भोज पत्र पर आमकी कलमसे आकके दूधमें केशर और गोरोचन से लिखकर सूर्य मन्त्रसे अभिमन्त्रित करें । मन्त्र "ॐ ह्रीं हंसः घृणि सूर्याय नमः" । इस यन्त्र को सुवर्ण तावीज में रखकर दक्षिण भुजा पर धारण करने से सर्वकार्य सिद्ध होते हैं । साधारण जन ताम्रतावीज में धारण कर सकते हैं ।

इस यन्त्र को सुवर्ण पत्र या ताम्र पत्र पर खुदवा प्राण प्रतिष्ठा करके नित्य पूजन में रखने से बहुत शीघ्र लाभ होता है । सब कार्य सिद्ध होते हैं ।

(१) जिसकी जन्म कुण्डली में लग्नेश अष्टम या [illegible] सूर्य होकर स्थित स्थान में बैठा हो तो उसका अनिष्ट फल निवृत्त करने के लिए सूर्यमन्त्र "ॐ ह्रीं ह्रीं सूर्याय नमः" का नित्य एक हजार मन्त्र जप करने से अनिष्ट दूर होता है ।

(२) यदि सूर्य कृत्तिका, उत्तराफाल्गुनी या उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में हो तो दारिद्र्य व रोग दूर करता है । इसकी शान्ति के लिये मन्त्र "ॐ ह्रीं घृणि सूर्यादित्य श्रीं ॐ" का जप करने से इसकी शान्ति हो जाती है और मान वृद्धि के साथ तेज भी बढ़ता है ।

(३) सूर्य ग्रह द्वारा पूर्व जन्म का अभिशाप दूर करने के लिए सूर्यगायत्री का प्रथम सवालक्ष जप करना चाहिए । बाद में सूर्य मन्त्र "ॐ ह्रीं श्रीं आं ग्रहाधिराजाय आदित्याय स्वाहा ।" इस मन्त्र का जप करने से सूर्य दोष दूर होकर सन्तान पक्ष की वृद्धि, स्त्री सुख और कौटुम्बिक सुख मिलता है ।

(४) सूर्य ग्रह जनित अनिष्ट फल निवृत्ति के लिए माणिक रत्न अंगूठी में रविवार पुष्य नक्षत्र अथवा कृत्तिका, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रविवार में माणिक रत्न अंगूठी में जड़वाकर प्रातः ९ से १२ बजे के भीतर धारण करने से तेज बढ़ता है और खाँसी, दमा, गर्मी आदि सूर्य कृत रोग नष्ट होते हैं । वंश वृद्धि सुख सम्पत्ति धन धान्य वृद्धि होती है । [सं. २०२० के "श्रीविश्वविजय पंचांग" से]

परीक्षा में शतप्रतिशत सफल होने का अद्भुत उपाय

जो विद्यार्थी परीक्षामें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहते हैं उनके लिए हम एक सरस्वती का सिद्ध मंत्र प्रयोग और अध्ययनके कुछ नियम बता रहे हैं । श्रद्धा विश्वास पूर्वक प्रतिदिन एक माला जप और नियमपालन करने पर सफलता शतप्रतिशत निश्चित है । यह सरस्वती का सिद्ध मन्त्र हमारे चिरपरिचित स्नेही वयोवृद्ध ज्योतिर्विज्ञानाचार्य श्री पं० हंसराजजी कपिल (हरियाना) का अनुभूत है, उन्होंने लिखा है—

इस मंत्रका पूर्णप्रभाव अनुभूत है । अध्ययन किया गया विस्मरण नहीं होता । विशेष साधना का तो कहना ही क्या है, जिसमें अनधीत भी अधीत सा भासता रहता है । यथावत् पंचोपचार पूजन हो जावे तो बहुत उत्तम । केवल शयन से पहले रात्रिमे बिना पंचोपचारके भी (हाथ पैर प्रक्षालन कर धूपबत्ती प्रज्वलित कर शुद्धासन पर बैठकर) प्रतिदिन एक माला भगवती वीणापुस्तकधारिणी हंसवाहिनी श्रीसरस्वती का ध्यान करते हुए दत्तचित्त होकर जपने से कभी अनुत्तीर्ण नहीं हो सकते । साधक विद्यार्थी को यथाशक्ति मिथ्यावाद अपलाप से बचना चाहिए । यही इसका नियम है । जपनीय मन्त्र यह है—

ॐ ह्रीं अर्हं णमो कुट्ठबुद्धीणं ॐ श्रां श्रीं श्रूं श्रः हं सं थः थः ठः ठः
सरस्वति भगवति विद्या प्रसादं कुरु कुरु स्वाहा ।।

जप करनेके अनन्तर विद्यार्थीको आरामसे सो जाना चाहिए ।

अध्ययन कैसे करना चाहिए इसके २१ अमूल्य नियम नीचे दिये जा रहे हैं ।

(१) पढ़नेसे पूर्व और पढ़ते समय एकाग्रता सर्वाधिक अपेक्षित वस्तु है ।

(२) याद रखनेके लिए पढ़ना है, केवल पढ़ने एवं पृष्ठ संख्या पूरी करने के लिए नहीं । कभी-कभी पृष्ठ के पृष्ठ पढ़ते चले जाते हैं परन्तु याद कुछ नहीं रहता, अतः आँख और मस्तिष्क का सामञ्जस्य आवश्यक है ।

(३) खूब पढ़ो, उससे अधिक लिखो और सबसे अधिक आवश्यक है मनन करो । पठन, लेखन और मनन तीनों कार्य अपेक्षित हैं ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

(४) बाह्य मुहूर्त में उठकर पढ़ियेगा। प्रातःकाल दो घंटे का अध्ययन । न के ४ घंटे के बराबर होता है। उस समय पढ़ा हुआ कभी निष्फल नहीं जाता।

(५) प्रतिक्षण यह याद रखियेगा कि आप क्या पढ़ रहे हैं, कौन सा विषय है। पाठ के प्रधान अंशों पर विशेष ध्यान दें।

(६) पढ़ने का एक निश्चित समय और स्थान आवश्यक है। स्थान का प्रभाव ऐसा पड़ता है कि जहां बैठते ही बस पढ़ना ही सूझे। मन्दिर में प्रवेश करते ही हमारा हृदय कितना शुद्ध और भक्ति भावना से ओतप्रोत हो जाता है।

(७) अध्ययन से पूर्व एक निश्चित उद्देश्य एवं कार्यक्रम बना लीजिए। सभी विषयों को समान दृष्टि से देखियेगा। हां, क्लिष्ट विषयों को अधिक समय दिया जा सकता है।

(८) पढ़ते समय मुख्य-मुख्य बातें एक नोट बुक में लिखते जाइएगा।

(९) अध्ययन के लिए सब कार्यों से निवृत्त होकर जम कर बैठिये। बीच-बीच का व्यवधान उचित नहीं।

(१०) चाहे आप चार की अपेक्षा तीन ही घंटे पढ़ें, ध्यानस्थ हो जायें। मस्तिष्क पर नियन्त्रण अत्यावश्यक है।

(११) पढ़ने के साथ-साथ मनोरंजन एवं खेल-कूद भी उतने ही आवश्यक हैं। दिन-रात पुस्तकों में आंखें गड़ाये रखना भी ठीक नहीं। अत्यधिक पढ़ने वाले उच्च श्रेणी नहीं ला पाते हैं।

(१२) स्मरणशक्ति आपकी कहीं गई नहीं है, वह तो आपके पास सुरक्षित है। हमारा अनुभव है कि आपकी स्मरणशक्ति यदि सुप्त है तो अभ्यास से जाग्रत की जा सकती है। आप याद रखने के लिए पढ़ें और इस शंका को निकाल फेंक दें—"मेरी स्मरणशक्ति तो कमजोर है।" स्मरणशक्ति जहां ईश्वरीय या पैतृक देन है वहां यह अर्जित भी की जा सकती है।

(१३) अध्ययन कक्ष में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। पढ़ते समय बाएँ या पृष्ठ भाग से प्रकाश आये ऐसी व्यवस्था कीजिए। मन्द या तीव्र प्रकाश में न पढ़िये। पढ़ते समय मेरुदण्ड सीधा रखिये। त्रिफला या ठण्डे जल के छींटे आंखों पर मारना, ओस पड़ी घास पर नंगे पैर चलना आंखों के लिए अत्यन्त लाभदायक रहेगा।

(१४) स्वास्थ्य की रक्षा अध्ययन की पूर्वपीठिका है।

(१५) अकेले पढ़ें। एक से दो होने पर बात चीत और निन्दा स्तुति अधिक भी। हां, विचार-विनिमय के लिए एक उत्तम साथी के साथ कुछ समय बैठना [illegible] सिद्ध होगा।

(१६) कुछ उद्धरण याद कर लीजिये। ये डूबते को तिनके का सहारा देते हैं। शंकाओं का समाधान अवश्य करवाइये।

(१७) क्लिष्ट बातों को याद रखने के लिए मन ही मन कुछ संकेत निश्चित कर लीजिये। प्रत्येक अनुच्छेद की एक प्रमुख विचारधारा या वाक्य को ठीक-ठीक याद कर लीजिये।

(१८) अच्छी से अच्छी पुस्तकें और अध्यापिकाएँ, उत्तमोत्तम अध्यापक और साथी तब तक आपकी सहायता नहीं कर सकते जब तक आपकी अध्ययन के प्रति पूर्णनिष्ठा और लगन न हो।

(१९) सुन्दर अक्षर लिखना अधिक अंक प्राप्त करने की प्रथम सीढ़ी पर पैर रखने के समान है।

(२०) परीक्षा में उत्तर लिखना भी एक कला है। प्रत्येक विषय का ऐसा विवेचन किया जाये कि सभी मुख्य-मुख्य बातें आ जायें और पिष्टपेषण भी न हो।

(२१) अध्ययन के प्रारम्भ में विद्या के अधिष्ठाता देव श्रीगणेश अधिष्ठात्री देवी सरस्वतीका स्मरण करना न भूलें। स्मरणीय श्लोक है—

"या दुग्धापि न दुग्धेव कविदोग्धृभिरन्वहम्।
हृदि नः सन्निधत्तां सा सूक्तिधेनुः सरस्वती॥"

अर्थात्—"सुभाषित की धेनु जो कवियों द्वारा दुही जाने पर भी नहीं दुही की तरह बनी रहती है, ऐसी माता शारदा मेरे हृदय में वास करें।

(२) आदि कविका आदि श्लोक—

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौंच मिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥

यदि आप अपने अध्ययन सम्बन्धी उपर्युक्त संकेतों का उच्च कक्षाओं तक समुचित रूप से पालन करते रहे तो हमारा अनुभव और विश्वास है कि सदैव सफलता देवी आपका सम्मान करेगी और आपके अंकों का प्रतिशत पूर्वापेक्षा उच्चतर होगा। बालकों के अभिभावकों एवं माता-पिताओं से भी प्रार्थना है कि अपने बच्चों—भावी आशाओं—की अध्ययन प्रणाली पर समुचित ध्यान देंगे।

सर्वकष्टहर मन्त्र

जब कभी मनुष्य किसी संकट में घिर जाये और उसकी बुद्धि काम नहीं देती हो तो उससे मुक्ति पाने के लिये निम्न मन्त्र का जप करना चाहिये। इस मन्त्र को सूर्य चन्द्रग्रहण के समय गायत्री मन्त्र से सम्पुटित कर कम से कम एक माला जपकर पहले सिद्ध कर लें—

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ॐ महेशाय त्रिनेत्राय नमस्ते शूलपाणये। प्रणतः क्लेशनाशाय महादेवाय ते नमः ॥१॥

वैष्णवों के लिये यह मन्त्र प्रसिद्ध है—

ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने। प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः ॥१॥

कार्तवीर्यार्जुन-मंत्र

ॐ क्लीं कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रवान्।
यस्य स्मरणमात्रेण गतं नष्टं च लभ्यते क्लीं ॐ ॥

श्रीकार्तवीर्यार्जुनाय नमः (पांच बार बोलना)

इस मन्त्र को ग्रहण के समय में गायत्री मन्त्र का सम्पुट देकर एक माला फिर किसी भी वस्तु के चोरी में चले जाने, खो जाने पर, उठाई जाने पर तथा छ बच्चों के घर से बिना कहे चले जाने पर इसका जप करता रहे तो वस्तु प्राप्त जाती है। जो बच्चा घर से भग गया हो, उसके शरीर का वस्त्र कुरता आदि लेकर उ पर लालचन्दन अष्टगंध या स्याही से उपर्युक्त मन्त्र लिख देवे तथा उस वस्त्र को चर के बड़े चक्रपर बांधकर उलटा घुमावे और मन्त्र बोलता रहे। चर्खे में डोरी न रखं जाये। इसे प्रतिदिन प्रातः मध्याह्न और सायं १०८ बार फिराने से भगे हुए बालक की बुद्धि परिवर्तित हो जाती है और वह लौट आता है। यह प्रयोग [illegible] अनुभूत है। आतुरता न करते हुए इसका जप करते रहने से अवश्य इच्छा पू होती है।

यह प्रयोग [illegible] के आधार पर प्रसिद्ध है।

[illegible]-सिद्धिप्रद-मंत्र

ॐ [illegible] ! [illegible] त्वं ग्रामेषु नगरेषु च।
[illegible] महामुने ! क्लीं ॐ ॥

[illegible] नमः (५ बार बोलना)

इस मन्त्र को [illegible] में १०८ बार जप करें। फिर जब [illegible] ५ बार इस मन्त्र को बोलकर प्रस्थान करें। [illegible] सिद्ध होती है। [illegible] इसका अनुभव किया गया है। [illegible] महापुरुष के द्वारा प्राप्त है। (स० २०२१ के '[illegible] पंचांग' से)

सिद्धिकरं त्रिकोणाङ्क यन्त्रम् (सिद्ध बीसा यन्त्र)



इस यन्त्र को रजत अथवा ताम्रपत्र पर रविपुष्य अथवा गुरुपुष्य योग में [illegible] कर पंचगव्य, पंचामृत से स्नान करवाएं और प्राणप्रतिष्ठा करवाकर प्रतिदिन दुर्गासप्तशती कवच में उक्त "प्रथमं शैलपुत्रीति द्वितीयं ब्रह्मचारिणी" आदि मंत्र से पूजन करें और प्रतिदिन प्रातः ३०० अर्थात् तीनमाला नवार्ण मंत्र का जप करें तो भगवती की कृपा से सर्वविध सिद्धि प्राप्त होती है।

धनप्राप्ति-प्रयोग

मंत्र जप से पहले "विशुद्ध ज्ञान देहाय०" का दस बार जप आवश्यक है।

मंत्र यह है—ॐ रं ह्रीं श्रीं ह्रीं रं क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्। अभूतिमसमृद्धिं च सर्वां निर्णुद मे गृहात् ॥ रं ह्रीं श्रीं ह्रीं रं ॐ ॥

[illegible] जप का विधान है। प्रातः पौने चार अथवा १० बजे के बाद जप प्रारम्भ करना चाहिए। प्रतिदिन जप ११ माला से कम नहीं होना चाहिए। ग्यारह हजार से अधिक भी एक दिन में नहीं करना चाहिए। जप के समय [illegible] [illegible] पर [illegible] चाहिए। सफेद तिल, कमल, बिल्वपत्र घृत से दशांश हवन [illegible] मार्जन और कन्या पूजन करें। इस प्रयोग से इच्छित धन की प्राप्ति निश्चय होती है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

आकर्षण-मंत्र

दमयन्ती नलाभ्यां तु नमस्कारं करोम्यहम्। अभिवादो भवेदत्र कलिदोषः प्रशान्तिदः ॥
ऐकमत्यं भवेदेवां ब्राह्मणानां पृथग्धियाम् । ' रता च जायेत ंवादाग्ने प्रसीद मे ॥

इस मंत्र का जप रात्रि ९ बजे के बाद साढ़े ग्यारह बजे पहले प्रारम्भ करना स्मार्त प्राणायाम के बाद ३० दिन पर्यन्त एक सहस्र प्रतिदिन जप करना। खीर (चावल तथा दूध) और घृत से दशांश हवन तर्पण मार्जन ब्राह्मण भोजन से सिद्धि होती है। मंत्र सिद्धि के बाद केवल दश बार जपने से अभीष्ट सिद्धि होती है। इस प्रयोग में परान्नभोजी नहीं होना चाहिए. संयम आवश्यक है।

[सं० २०२२ के "श्रीविश्वविजय पंचांग" से]

घण्टा कर्ण स्तोत्रम्

ॐ घण्टा कर्णो महावीरः सर्व व्याधि विनाशकः ।
विस्फोटक भय घोरं रक्ष रक्ष महाबल ॥
यत्र त्वं तिष्ठते देव, लिखिताक्षर पंक्तिभिः ।
रोगास्तत्र प्रणश्यन्ति वात-पित्तकफोभद्वाः ॥
तत्र राजभयं नास्ति यान्ति कर्णे जपाक्षरम् ।
शाकिनी भूत वेताल राक्षसाः प्रभवन्ति न ॥
नाकाले मरणं तस्य न च सर्पस्य दंशनम् ।
अग्निचौरभयं नास्ति ॐ घण्टा कर्ण नमोस्तुते स्वाहा ॥

इस घण्टाकर्ण स्तोत्र को रेखाङ्कित मंत्र सहित दीपमालिका, होली व ग्रहण के पर्वकाल में अष्टगन्ध से दाडिम (अनार) की लेखनी से लिखकर अपने पास रक्खे। प्रतिदिन पाठ करने से अग्नि, सर्प, चौर, रोग एवं शत्रु का भय नहीं रहता। कुमारी कन्या के हाथ से कते सूत का तावीज बनाकर मन्त्रोच्चारण के साथ २१ गांठ लगा लें। बालक के गले में बांधने से नजर नहीं लगती। मंत्र पढ़कर मोर पंख से झाड़ने पर प्राणियों, पशुओं तक के रोग नष्ट होते हैं। ग्रहण होली दिवाली पर मंत्र का पुनर्नवीकरण कर लेना चाहिए।

९	१६	५	४
७	२	११	१४
१२	१३	८	१
६	३	१०	१५

इस स्तोत्र के साथ यदि निम्न लिखित यन्त्र का साधन भी कर लिया जाय तो सिद्धि में द्विगुणता आ जाती है। १६ कोष्ठकों के इस यंत्र को भोज पत्र पर ३४ बार लिखकर मंत्र के साथ ही सिद्ध करके फिर इसका चमत्कार देखें।

व्यापार व धनवृद्धि का मंत्र

"ॐ नमो ह्रीं श्रीं क्रीं श्रीं क्लीं क्लीं श्रीं लक्ष्मी ममगृहे धनचिन्ता दूरं करोति स्वाहा।"

विधि—प्रातःकाल बिना किसी से बोले मुंह धोकर १०८ बार (एक माला) नित्य जप किया करें तो धनधान्य की वृद्धि एवं व्यापार खूब चले। अनुभूत है।

आयुर्वेद के सरल सस्ते अनुभूत प्रयोग

श्रवण नक्षत्र में काली एरण्ड की जड़ को लाकर धूपदीप दे पूजन कर स्त्री के गले में बांधे तो वन्ध्या दोष दूर होगा। तदनन्तर रजोधर्म से शुद्ध हो गोखरू के बीज निर्गुण्डी के रस में डालकर ९ माशे सात दिन तक पियें तो गर्भधारण होगा।

जिस दम्पति के सन्तान न होती हो वे दोनों थोड़ी पीली मिट्टी लेकर उसमें थोड़े जौ बो दें। खेत पृथक् पृथक् रक्खें। फिर जल की जगह वे दोनों प्रातःकाल अपने अपने खेत में पेशाब किया करें। दो तीन दिन में देखें कि किसके जौ पहले निकलते हैं, या नहीं। जिसके खेत में उत्पत्ति न हो उसी को विकारी (गर्भाधान के अयोग्य) मानना चाहिए। जो रोगी हो उसकी चिकित्सा अनुभवी वैद्य से करावें। पुरुष वाजीकरण औषधसेवन करें और स्त्रियों को फलघृतादि का सेवन लाभप्रद है।

गर्भधारण की औषधियां—शमी वृक्ष (जिसको जण्ड या खेजड़ी भी कहते हैं) की फलियां और पीपल वृक्ष की जड़ सुखाकर चूर्ण बना ५ माशे बछड़े वाली गाय के दूध से मासिक धर्म के चौथे दिन से ५ दिन तक सेवन करावें, फिर पतिसंग से अवश्य गर्भधारण हो जाता है।

हाथी दांत का बुरादा (चूरा) कूट पीस कपड़ छान कर मिश्री समान भाग मिलाकर नौ माशे की मात्रा से मासिक धर्म के तीसरे दिन से सात दिन तक सेवन कराने से वन्ध्यत्व दोष दूर होकर सन्तान प्राप्त होती है। पीपल, कालीमिर्च, नागकेशर, अदरक समभाग लेकर कपड़ छन चूर्ण कर ले, ऋतुकाल के चौथे दिन से ३ माशे थोड़े शुद्ध गौ घृत मिलाकर पांच दिन सेवन करावें तो गर्भधारण अवश्य होगा।

[सं० २०२३ के 'श्रीविश्वविजय पंचांग" से]

अभीष्टधन प्राप्ति का मंत्र

ॐ ह्रीं श्रीं त्रिभुवन स्वामिनि महादेवि महालक्ष्मि लल लल हं हः महाप्रभुत्वमर्थं कुरु कुरु ह्रीं नमः।"

प्रतिदिन पञ्चोपचार से लक्ष्मी का पूजन कर १०८ बार जप करने से अभीष्ट लाभ होगा। चन्द्रबल और शुभ मुहूर्त में यह प्रयोग प्रारम्भ करें। निशीथकाल (अर्धरात्रि) में जप किया जावे तो ३ मास में इसका चमत्कार प्रत्यक्ष दिखाई देगा।

सर्पभय निवारण मंत्र

"ॐ जरले नृसिंह करले दूत कालू कालू नृसिंहवैरी खैरदारी तुकमाही नहीं बांधे छः बांधे छः हाकूवाल डाकूवाल बड़ेलबड़ियाल सांप चोर कांटा गज्जा बाबभूल तुकमाही नहीं बांधे छः राम लक्ष्मण सीतामाता हनुमान नृसिंह से परे हंकार।"

यह मंत्र जहां सर्प हो, वा सर्प का भय हो, वहां तीन चार बार ऊंचे स्वर से पढ़ने पर सर्प नहीं रहेगा, भाग जावेगा। जहां तक मंत्र की आवाज जायेगी वहां

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

